अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 जनवरी, 2010

सा.का.नि. 39(अ).—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 (2006 का 19) की धारा 61 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, नामत: :—

1. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभण

(1) इन विनियमों को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड [आपात प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना (ईआरडीएमपी) की आचरण पद्धति] विनियम, 2010.

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं

(1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो:-

(क) "अधिनियम" का अर्थ पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 से है;

(ख) "बोर्ड" का अर्थ अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (i) के अंतर्गत स्थापित पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड से है;

(ग) "क्वथन द्रव विस्तार वाष्प विस्फोट (बीएलईवीई)" का अर्थ है संतृप्त द्रव या वाष्प वाले दबाव बर्तन का उसके वायुमण्डल क्वथनांक से अधिक तापमान होने पर जोर के फटना तथा परिणामस्वरूप अत्यधिक गर्म द्रव के बड़े हिस्से का तुरंत वाष्पीकरण होना जिससे व्यापक वाष्प का बादल बनता है और जो प्रज्ज्वलन के कारण व्यापक बढ़ते उल्का के रूप में जलता है;

(घ) "मुख्य घटना नियंत्रक" का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जिसका यूनिट पर पूर्ण नियंत्रण हो और जो आपात स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्धारण करता है;

(ड.) "आचरण पद्धति" का अर्थ है आपात प्रतिक्रिया के लिए आचरण पद्धति तथा बोर्ड द्वारा अधिसूचित आपदा प्रबंधन योजना;

(च) "आपदा" का अर्थ है किस बड़ी घटना का घटित होना जिससे ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जिसमें किसी औद्योगिक परिसर में सामान्य जीवन शैली अचानक रुक जाए और कुछ मामलों में आसपड़ोस भी गंभीर रूप से प्रभावित हो; परिणामस्वरूप लोग असहाय और पीड़ित हो जाएं तथा उन्हें भोजन, आवास, कपड़े, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा और अन्य जीवन उपयोगी वस्तुओं की आवश्यकता हो;

(छ) "आपदा प्रबंधन योजना" का अर्थ है जीवन, संपत्ति, पर्यावरण को हुई हानि को सीमित करके तथा आपदा की स्थिति में उपलब्ध संसाधनों का सर्वाधिक कारगर उपयोग करके तीव्र और प्रभावी रिकवरी करने के लिए एक सुव्यवस्थित व्यापक प्रतिक्रिया योजना बनाना;

(ज) "आपातकाल" का अर्थ है ऐसी स्थिति या परिदृश्य जिसमें व्यक्तियों, पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न करने या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की क्षमता हो, जिससे परिसर के अंदर या बाहर बाधा उत्पन्न हो जाए और बाहरी संसाधनों की मदद की आवश्यकता हो;

(झ) "आपातकाल प्रतिक्रिया वाहन (ईआरवी)" का अर्थ है आपातकाल से निपटने के लिए एक ऐसा वाहन जिसमें बचाव और राहत अभियानों के लिए आवश्यक उपकरण हों तथा स्थापना के अंदर और सड़क दुर्घटना सहित स्थापना के बाहर ईआरवी का इस्तेमाल किया जा सके;

(ञ) "खतरा" का अर्थ है पदार्थ या रासायनिक विशेषता, जिनमें मानव को चोट पहुंचाने, संपत्ति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने या उनके कुछ संयोजन की क्षमता हो;

(ट) "घटना" का अर्थ है कोई अनियोजित या अनैच्छिक घटना या अभीष्ट घटना जिसमें जीवन, संपत्ति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की क्षमता हो;

(ठ) "घटना अभिलेख रजिस्टर" का अर्थ है ऐसा रजिस्टर जिसमें सभी घटनाओं का पूरा ब्यौरा शामिल है जैसे बाल-बाल बचना, तथा अन्य सभी घटनाएं जो स्तर-I, स्तर- II और स्तर- III आपात स्थिति की हों;

(ड) "स्थापना" का अर्थ है सुविधाएं नामत: गैसयुक्त उत्पाद पाइपलाइन, द्रव उत्पाद पाइपलाइन, हाइड्रोकार्बन प्रोसेसिंग स्थापना, तेल और प्राकृतिक गैस टर्मिनल तथा वाणिज्यिक भण्डारण और परिवहन, हाइड्रोकार्बन गैस बॉटलिंग स्थापना जिसमें सीएनजी, नगर गैस वितरण सुविधाएं और खुदरा बिक्री केन्द्र शामिल हों;

(ढ) "रिसाव" का अर्थ है किसी खतरनाक रसायन या पदार्थ या सामग्री का पर्यावरण में रिलीज या विलीन होना;

(ण) "स्तर-I आपातकाल" का अर्थ है ऐसी आपात स्थिति जैसी उप-विनियम 6(क) में परिभाषित है;

(त) "स्तर-II आपातकाल" का अर्थ है ऐसी आपात स्थिति जैसी उप-विनियम 6(ख) में परिभाषित है;

(थ) "स्तर-III आपातकाल" का अर्थ है ऐसी आपात स्थिति जैसी उप-विनियम 6(ग) में परिभाषित है;

(द) "परस्पर सहायता संघ" का अर्थ है एक औद्योगिक परस्पर सहायता संघ जिसमें समुदाय के रूप में भागीदार उद्योग एक-दूसरे की आपात स्थिति में सहायता करें। परस्पर सहायता संघ किसी स्थल की आपात नियंत्रण योजना को सहायता देते हैं। सदस्य उद्योगों की सेवाओं के लिए तभी अनुरोध किया जाएगा जब आपात स्थिति के अन्यथा उपलब्ध संसाधनों की क्षमता से बढ़ने का खतरा हो;

(ध) किसी स्थापना के "पट्टेदार" का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जिसका स्थापना के मामले में पूरा नियंत्रण हो;

(न) "स्थल से दूर आपात स्थिति" का अर्थ है ऐसी आपात स्थिति जो स्थापना में होती है किंतु आपात स्थिति का प्रभाव परिसर के बाहर तक हो या आपात स्थिति किसी दुर्घटना, विनाशकारी घटना, प्राकृतिक आपदाओं आदि के कारण उत्पन्न हुई हो। यह केवल स्थापना प्रबंधन की चिंता नहीं रह जाती बल्कि परिसर से बाहर रहने वाली आम जनता की चिंता भी बन जाती है तथा ऐसी संभावित घटनाओं से निपटना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए;

(प) "स्थल से दूर आपातकाल योजना" का अर्थ है कि उपर्युक्त भू-स्थापना (एजीआई) या भूमिगत स्थापना (यूजीआई) या सड़क परिवहन में विनाशकारी घटनाओं के प्रभाव को नियंत्रित और कम करने के लिए एक प्रतिक्रिया योजना बनाना। यह योजना जिला प्रशासन द्वारा स्थापना (स्थापनाओं) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाएगी ताकि संयुक्त संसाधनों अर्थात् आंतरिक तथा बाहरी संसाधनों का सर्वाधिक प्रभावी उपयोग किया जा सके; जान-माल और पर्यावरण को कम से कम हानि हो तथा सुविधाएं यथाशीघ्र बहाल कर दी जाएं।

(फ) "स्थल पर आपातकाल" का अर्थ है ऐसी आपात स्थिति, जो स्थापना में हुई हो और उसका प्रभाव स्थापना परिसर तक ही सीमित हो जिसमें संयंत्र में कार्य करने वाले लोग ही शामिल हों तथा ऐसी संभावित स्थितियों से निपटना पट्टेदार की जिम्मेदारी होती है तथा यह अनिवार्य होता है। इसके लिए बाहरी संसाधनों की भी आवश्कता होती है;

(ब) "स्थल पर आपातकाल योजना" का अर्थ है एक ऐसी प्रतिक्रिया योजना जो स्थापनाओं के अंदर आपात स्थिति से उत्पन्न हों, जिसमें स्थापना परिसरों में लोगों और सुविधा केन्द्रों को क्षति पहुंचाने की क्षमता हो;

(भ) "जोखिम" का अर्थ है किसी विशिष्ट अवधि या विशिष्ट परिस्थितियों में होने वाली कोई विशेष अवांछित घटना, जिसमें किसी विशेष अवांछित घटना के बार-बार घटित होने की संभावना हो;

(म) "जोखिम विश्लेषण" का अर्थ है अवांछित घटनाओं की पहचान करना जिससे जोखिम मूर्त रूप लेता है, कलपुर्जों का विश्लेषण करना जिनके द्वारा ये अवांछित घटनाएं हो सकती हैं, तथा प्राय: किसी नुकसानदायक प्रभाव की सीमा, व्यापकता तथा संभावनाओं का जायजा लेना;

(य) "जोखिम आकलन" का अर्थ है अवांछित घटनाओं के गुणात्मक मूल्यांकन की संभावना तथा उनके द्वारा हुए नुकसान या क्षति की संभावना का मात्रात्मक मूल्यांकन करना जिसमें परिणामों के महत्व से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय भी शामिल हों;

(र) "जोखिम प्रबंधन" का अर्थ है ऐसा कार्यक्रम, जिसमें सभी प्रशासनिक और प्रचालनात्मक कार्यक्रम शामिल हों, और जिनका डिजाइन आपातकाल के जोखिम को कम करने को ध्यान में रखकर बनाया गया हो तथा इनमें अत्यधिक खतरनाक सामग्रियां शामिल हों। ऐसे कार्यक्रमों में नए और मौजूदा उपकरणों के डिजाइन की सुरक्षा, मानक प्रचालन प्रक्रियाएं, निवारक रखरखाव, प्रचालक प्रशिक्षण, घटना जांच प्रक्रियाएं, यूनिट प्रचालनों के लिए जोखिम मूल्यांकन, आपात योजना तथा आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं सुनिश्चित करना, जो इन तक सीमित न हों, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन कार्यक्रमों को नियोजित अनुसार कार्यान्वित किया जा रहा है;

(ल) "स्थल घटना नियंत्रक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो आपात स्थल पर जाता है तथा घटना स्थल पर आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कार्रवाई का पर्यवेक्षण करता है;

(व) "बिखरना" का अर्थ है हाइड्रोकार्बन या अन्य कोई खतरनाक द्रव का अवांछित रूप से पर्यावरण में रिलीज होना या छितरना;

(श) "परिवहन आपात (टीआरईएम) कार्ड" का अर्थ है ऐसा कार्ड, जिसमें खतरों की प्रकृति, निवारक उपकरणों, दूरभाष संख्या तथा बिखराव, आगजनी, प्राथमिक सहायता तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय (यूएन) संख्या या संकेतक से संबंधित कार्रवाई का ब्यौरा हो जो भारत और विदेशों में एक-समान हो;

(ष) "असीमित वाष्प बादल विस्फोट (यूवीसीजी)" का अर्थ है वायुमण्डल में तरलीकृत हाइड्रोकार्बन के पर्याप्त मात्रा में रिलीज होने के कारण वाष्प बादल का बनना तथा प्रज्जवलन के कारण इसका विस्फोट होना जिससे उच्च दबाव या कम दबाव उत्पन्न हो सकता है जिसके कारण भारी मात्रा में नुकसान होता है।

(2) प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्तियां जिन्हें इन विनियमों में परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन इसके अंतर्गत बनाए गए अधिनियम या विनियमों में परिभाषित किया गया हो, का इस अधिनियम या नियमावली या विनियम, जैसी भी स्थिति को, में क्रमश: दिए गए अनुसार अर्थ होगा।

3. प्रयोजनीयता

ये विनियम निम्नलिखित पर लागू होंगे-

(क) हाइड्रोकार्बन प्रोसेसिंग स्थापना (रिकवरी, गैस प्रोसेसिंग, एलएनजी रि-गैसीफिकेशन स्थापना आदि);

(ख) पाइपलाइन जैसे प्राकृतिक गैस, प्रोपेन, बुटेन आदि ओर हाइड्रोकार्बन उत्पादन जो एनटीपी में गैसयुक्त अवस्था में रहते हैं;

(ग) द्रव पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन;

(घ) वाणिज्यिक पेट्रोलियम भण्डारण सुविधाएं, गैस भण्डारण सुविधाएं और एलएनजी टर्मिनलों सहित टर्मिनल;

(ङ) प्राप्त हाइड्रोकार्बन गैस बॉटलिंग स्थापना, भण्डारण और रखरखाव सुविधाएं जिनमें एलपीजी, प्रोपेन और बुटेन का भण्डारण शामिल हैं;

(च) नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण सुविधाएं;

(छ) वितरण स्टेशन और पीओएल खुदरा बिक्री

(ज) सड़क द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन;

(झ) अन्य कोई स्थापना, जैसी कि समय-समय पर बोर्ड द्वारा अधिसूचित की जाए।

4. कार्यक्षेत्र और अभिप्राय

4.1 कार्यक्षेत्र

कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित शामिल होगा -

(i) आपात स्थिति की पहचान करना;

(ii) उपशमन उपाय जिसके अंतर्गत जोखिम या आपदा को कम करने या समाप्त करने के प्रयास किए जाएं;

(iii) आपदा या आपातकाल होने पर कार्रवाई हेतु योजनाएं विकसित की जाएं;

(iv) ऐसी प्रतिक्रिया, जिससे आवश्यक आपात सेवाएं जुट जाएं जिसमें प्रतिक्रियावादी (प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक) जैसे अग्निशामक सेवा, पुलिस सेवा, चिकित्सा सेवा तथा एम्बुलेंस, सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियां शामिल हों;

(v) आपदा के बाद बहाली जिसका उद्देश्य प्रभावित क्षेत्र को उसका मूल स्वरूप प्रदान करना है;

4.2 उद्देश्य

इनका उद्देश्य निम्नलिखित विनियम लागू करना है-

(क) ईआरडीएमपी विकसित करना जो संक्षिप्त और सूचनापरक हों ताकि आपात नियंत्रण संगठन के सदस्य महत्वपूर्ण कार्यों का पता लगाने के लिए कार्य योजना, जो कार्यान्वित की जा रही हैं, पर शीघ्र कार्रवाई कर सकें;

(ख) आपात स्थिति का प्रबंधन करना न कि ईआरडीएमपी का प्रशिक्षण हेतु केवल संदर्भ सामग्री के रूप में इस्तेमाल न करना जो निम्नलिखित पर लागू होंगे -

(i) घायलों को बचाना - ऑन साइट और ऑफ साइट दोनों पर;
(ii) संपत्ति, मशीनरी, जनता और पर्यावरण की क्षति को कम करना;
(iii) किसी आपात स्थिति होने पर शीघ्र और व्यवस्थित प्रतिक्रिया के लिए तत्पर रहना तथा जोखिम के अनुरूप जबरदस्त तैयारी (उपकरण, कार्मिक) करना;
(iv) घटना प्रबंधन साधन व्यवस्था उपलब्ध कराना जिसके प्राधिकारी का उद्देश्य और रूपरेखा स्पष्ट हो (घटना कमान प्रणाली, क्षेत्रीय पर्यवेक्षण, एकीकृत कमान);
(v) एक व्यवस्थित और सामाजिक निर्णय लेना तथा प्रक्रिया प्रणाली (अधिसूचना, मानक प्रचालन पद्धतियां) सुनिश्चित करना; और
(vi) अच्छे जन संपर्क कायम करना।

टिप्पणियां: विन्यास, आसपास का परिवेश, उत्पाद, भण्डारण मात्रा, मौसम विज्ञान संबंधी आंकड़े आदि के संबंध में कोई दो स्थल एक जैसे नहीं होने चाहिए। इसलिए, ईआरडीएमपी उपलब्ध संसाधनों के अनुसार स्थल विशिष्ट होंगे।

5. विनियम का सारांश

ईआरडीएमपी में निम्नलिखित शामिल होंगे-

(क) आपातकाल का वर्गीकरण;
(ख) कार्यान्वयन अनुसूची;
(ग) चूक या अनुपालन के परिणाम;
(घ) सांविधिक आवश्यकताएं;
(ङ) आपातकाल पूर्व योजना;
(च) आपात न्यूनीकरण उपाय;
(छ) आपात तैयारी के उपाय;
(ज) आपात प्रतिक्रिया पद्धति और उपाय;
(झ) आपात संगठन और उत्तरदायित्व;
(ञ) ढांचागत आवश्यकताएं;
(ट) ऑन साइट और ऑफ साइट आपातकाल की घोषणा;
(ठ) आपात स्थिति को नियंत्रण करने के लिए संसाधन;
(ड) जनसांख्यिकीय सूचना;

(ढ) चिकित्सा सुविधाएं;

(ण) निकासी;

(त) जन-संपर्क तथा जनता को सूचना;

(थ) दुर्घटना की सूचना देना;

(द) आपात रिकवरी प्रक्रियाएं;

(ध) पेट्रोलियम उत्पाद ले जाने वाले टैंक, ट्रकों और पाइपलाइनों के लिए ईआरडीएमपी;

(न) ईआरडीएमपी का राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) दिशा-निर्देशों तथा रासायनिक आपदाओं पर (औद्योगिक) कार्य योजना के साथ संयोजन; और

(प) संभावित घटनाओं से निपटने के लिए सुरक्षा खतरा योजना और कार्य-योजना।

6. आपात स्थिति का वर्गीकरण

आपात स्थिति को उसकी गंभीरता और अपेक्षित प्रतिक्रिया के आधार पर व्यापक चरणों में वर्गीकृत किया जा सकता है, नामत: -

(क) **स्तर-1**: यह ऐसी आपात स्थिति या दुर्घटना है जिसका-

(i) प्रभावी और सुरक्षित रूप से प्रबंधन किया जा सकता है, और इसे उपलब्ध संसाधनों द्वारा स्थल, स्थान या स्थापना में सीमित रखा जा सकता है;

(ii) स्थल, स्थान या स्थापना के बाहर कोई प्रभाव न हो।

(ख) **स्तर-2**: यह ऐसी आपात स्थिति या दुर्घटना है -

(i) जिसे उपलब्ध संसाधनों द्वारा स्थान या स्थापना में प्रभावी और सुरक्षित रूप से नियंत्रित नहीं किया जा सकता और अतिरिक्त सहायता चेतावनी देना अपेक्षित होता है;

(ii) जिसका स्थल, स्थान या स्थापना के बाहर प्रभाव पड़ा हो या पड़ने की संभावना हो तथा जहां परस्पर सहायक भागीदार का बाहरी समर्थन शामिल हो;

(iii) जिसमें जीवन, पर्यावरण या औद्योगिक परिसंपत्तियों या प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की संभावना हो।

(ग) **स्तर 3**: ऑफ-साइट प्रभाव सहित कोई ऐसी आपात स्थिति या घटना, जो विनाशकारी हो सकती है तथा जिससे स्थापना और प्रबंधन के अंदर और बाहर जनसंख्या, संपत्ति और पर्यावरण प्रभावित होने की संभावना हो तथा उसका प्रबंधन और नियंत्रण जिला प्रशासन द्वारा किया जाता हो। यद्यपि चरण-III आपात स्थिति जिला प्राधिकारी के क्षेत्राधिकार में आती है लेकिन जब तक वे नहीं आते तब तक आपात स्थिति से निपटना यूनिट की जिम्मेदारी होनी चाहिए।

टिप्पणी: स्तर-I और स्तर- II को सामान्यत: ऑन साइट आपातकाल तथा स्तर- II को ऑफ साइट आपातकाल के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए।

7. कार्यान्वयन अनुसूची

इन आचरण पद्धतियों को **अनुसूची-I** में उल्लिखित कार्यान्वयन अवधि के अनुसार विनियम-3 के अंतर्गत कवर क्षेत्रों के लिए कार्यान्वित किया जाएगा।

8. चूक या अननुपालन के परिणाम

(1) इन विनियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक सु-परिभाषित आपात प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना विकसित करके, कृत्रिम ड्रिल चलाकर तथा निर्माण के दौरान सुरक्षा लेखा-परीक्षा करवाकर, निगमन और प्रचालन चरण के साथ-साथ सतत् आधार पर अनुपालन सुनिश्चित करने की प्रणाली होनी चाहिए। स्थापना में प्रवेश करने से पूर्व आगंतुकों की सुरक्षा, कृत्रिम अभ्यास या वास्तविक आपातकाल के संबंध में 'करें' और 'न करें' की एक प्रणाली भी होनी चाहिए। इसें आगंतुक को लिखित अनुदेश शीट के रूप में दिया जाना चाहिए तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आगे जाने या लौटने के लिए आगंतुक के साथ संयंत्र का कोई प्रतिनिधि हो।

(2) बोर्ड ईआरडीएमपी, तकनीकी मानकों और विशिष्टियों की निगरानी करेगा जिसमें तृतीय पक्ष अनुपालन आकलन पर पृथक विनियमों के जरिए अधिकृत तृतीय पक्ष द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सुरक्षा मानक शामिल होंगे।

(3) संस्तुत मानक प्राप्त करने में कोई विचलन होने की स्थिति में कंपनियां सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों, विशिष्टियों के प्रावधानों के अंतर्गत दण्ड प्रावधानों के लिए जिम्मेदार होंगी।

(4) सहायता का अनुरोध करने पर समझौता-ज्ञापन (एमओयू) या लिखित करार के अनुसार परस्पर सहायता एसोसिएशन द्वारा कार्रवाई न करने पर इन विनियमों के अंतर्गत निम्नानुसार दण्ड लगाया जाएगा -

(क) प्रतिक्रिया में पहली चूक होने पर, चूक करने वाली कंपनी तथा उसके प्रबंधन को प्रभावित परस्पर सहायता सदस्यों को लिखित में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना होगा।

(ख) दूसरी तथा बाद की कार्रवाई में असफल रहने पर चूक करने वाली कंपनी को प्रभावित परस्पर सहायता सदस्यों के परिसर में कोई संभावित घटना के घटित होने की स्थिति में बिल की राशि के दोगुणा का भुगतान करना होगा।

9. अन्य सांविधिक के अंतर्गत आवश्यकताएं

(1) सांविधिक नियमों, विनियमों और अधिनियमों जैसे पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986, फैक्टरी अधिनियम, 1948, ज्वलनशील पदार्थ अधिनियम, 1952, मोटर वाहन अधिनियम, 1988, सार्वजनिक देयता बीमा अधिनियम 1991, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934, राष्ट्रीय पर्यावरण अधिकरण अधिनियम, 1995, विस्फोट अधिनियम, 1884 का **अनुसूची-II** में उल्लिखित अनुसार अनुपालन करना अनिवार्य होगा। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देश

रासायनिक आपदा (औद्योगिक), अप्रैल, 2007 के संगत सांविधिक, प्रावधानों और दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना भी आवश्यक होगा।

(2) इन विनियमों का उद्देश्य ईआरडीएमपी के निर्माण के संबंध में किसी अन्य सांविधिक निकायों की आवश्यकता या केन्द्र सरकार द्वारा जारी अन्य किसी दिशा-निर्देशों को रद्द करना नहीं है। खतरनाक पदार्थों विशेषकर अनुसूची-II में उल्लिखित खतरनाक पदार्थों के प्रबंधन के संबंध में विभिन्न नियमों के प्रावधानों तथा समय-समय पर संशोधित अनुसार उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों का अनुपालन करना आवश्यक होगा।

10. आपातकाल-पूर्व योजना

10.1 खतरे की पहचान करना

(1) ईआरडीएमपी का प्रथम कदम ऑन-साइट और ऑफ-साइट पर खतरे की संभावना का पता लगाना होगा, जैसे गैस का रिसाव, बिखराव, आगजनी, विस्फोट, परिवहन घटना, पाइपलाइन फटना, उपकरण खराबी, प्राकृतिक आपदाएं आदि तथा उनके द्वारा उत्पन्न नुकसान की प्रकृति। खतरे की पहचान में निम्नलिखित शामिल होंगे -

(क) सामग्री सुरक्षा आंकड़ा शीट (एमएसडीएस- अनुबंध-I) के फार्मेट में रखे जा रहे पदार्थों की विष-विज्ञानी, भौतिक और रासायनिक गुणों पर सूचना देना;

(ख) हवा के बदलाव की दिशा की गुणवत्ता या प्रासंगिक रिलीज से डाउनस्ट्रीम जल गुणवत्ता की पहचान करना तथा मानव, वनस्पति तथा जीव-जंतु और पशु स्वास्थ्य को होने वाले संभावित खतरे का पता लगाना;

(ग) स्थापना को होने वाले खतरों में प्राकृतिक खतरा जैसे बाढ़, भूकंप, चक्रवात या भू-स्खलन आदि भी शामिल है।

(घ) खतरे की पहचान के जांच बिंदुओं को जांच सूची-I में दिया गया है।

10.2 जोखिम विश्लेषण और जोखिम मूल्यांकन

ईआरडीएमपी प्रक्रिया का दूसरा कदम प्रत्येक खतरे से जुड़ी घटना के जोखिम का पता लगाना है। जोखिम विश्लेषण की मूल प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:-

(क) संभावित असफलता या घटना की पहचान करना (बार-बार होने सहित)

(ख) प्रत्येक असफलता में जारी की गई सामग्री की मात्रा का हिसाब लगाना, ऐसी घटनाओं के परिणामों का मूल्यांकन करना;

(ग) परिदृश्यों जैसे सर्वाधिक संभाव्यता और बदतर मामला घटनाओं के आधार पर ऐसी घटनाओं के परिणामों का मूल्यांकन करना;

(घ) परिणामों और संभावनाओं को मिलाने से खतरों को महत्वपूर्ण जोखिम वाले क्षेत्र का पता लगाने के लिए तर्कसंगत रूप में वर्गीकृत किया जा सकेगा। तत्पश्चात् मानक स्थापित किए जाने चाहिए जिसके द्वारा जोखिम का मात्रात्मक स्तर पर सभी संबंधित पक्षों को स्वीकार्य माना जाएगा;

(ङ) जोखिम का आकलन करने के बाद "अधिकतम सहनीय मानदण्ड" को अवश्य परिभाषित किया जाना चाहिए और इसके बाद जोखिम को असहनीय माना जाएगा। लाभ स्तर, जो कोई भी हो, को इस स्तर से कम रखा जाना चाहिए;

(च) जोखिम को "उपयुक्त रूप से जितना कम हो व्यावहारिक" बनाना चाहिए तथा यह आस-पास के क्षेत्र को कम से कम प्रभावित करे। जोखिम विश्लेषण करते समय जोखिम के मात्रात्मक निर्धारण में तीन प्रमुख उपाय शामिल होने चाहिए:-

आईआरपीए (व्यक्तिगत जोखिम प्रतिवर्ष)



टिप्पणी: 10 प्रति मिलियन प्रतिवर्ष या 10^{-5}/वर्ष के जोखिम का प्रभावी रूप से यह अर्थ है कि इस जोखिम स्तर पर खड़े किसी व्यक्ति को प्रतिवर्ष घातक रूप से चोट लगने की 100,000 में से 1 की संभावना होगी।

10.3 आपदा के कारण

उपर्युक्त घटनाओं के सामान्य कारणों को संदर्भ के लिए नीचे तालिका में दर्शाया गया है तथा निम्नलिखित आपात स्थिति से निपटने के लिए स्थापना द्वारा ईआरडीएमपी तैयार की जानी चाहिए।

मानव निर्मित	प्राकृतिक आपदाएं	बाहरी
• भारी रिसाव • अग्निकांड • विस्फोट • महत्वपूर्ण नियंत्रण प्रणाली की असफलता • डिजाइन में कमी • असुरक्षित कार्य • अपर्याप्त रखरखाव	• बाढ़ • भूकंप • चक्रवात • बीमारी का प्रकोप • अत्यधिक वर्षा • सुनामी	• उपद्रव/नागरिक अव्यवस्था/भीड़ द्वारा आक्रमण • आतंकवाद • तोड़-फोड़ • बम का खतरा • युद्ध/प्रक्षेपण हमला • अपहरण • बाढ़ विषाक्तता/जल विषाक्तता

10.4 परिणाम

(1) किसी घटना के परिणाम परिसर तक सीमित हो सकते हैं या ऑफ-साइट तक फैलकर विनाशकारी प्रभाव हो सकते हैं।

(2) किसी घटना का परिणाम आगजनी से विस्फोट, धधकना, विस्फोट तरंगों का उठना, तेजी से फैलती लपटें, बीएलईवीई, यूवीसीई, जिसके परिणामस्वरूप भवनों/संपत्ति को हुई क्षति, जलने, हताहत होने जैसा प्रत्यक्ष प्रभाव हो सकता है। तथापि, पास-पड़ोस में हुई कोई घटना के कारण ऑन-साइट आपात स्थिति उत्पन्न हो सकती है। किसी बड़ी आपात स्थिति से बचने के लिए इसे रोका या प्रबंधित किया जाना चाहिए।

11.0 आपातकाल न्यूनीकरण उपाय

जोखिम स्तर का निर्धारण करने के बाद आपात स्थिति के न्यूनीकरण के लिए निम्नलिखित कार्रवाई की आवश्यकता होगी:

11.1 ईआरडीएमपी की मूल आवश्यकता

अनुसूची-III में उपलब्ध कराए गए ब्यौरे के अनुसार ईआरडीएमपी के विकास से पहले मूल आवश्यकता का आकलन किया जाना चाहिए।

11.2 संसाधन जुटाना

संसाधन जुटाने में जनशक्ति आवश्यकता, अग्निशमन सामग्री, उपकरण या उपस्कर, सुरक्षा उपकरण, संचार सुविधाएं, परिवहन, आपात औषधि और उपकरणों की सूची आदि शामिल होना चाहिए **(अनुसूची- IV)**।

11.3 घटना निवारक उपाय और प्रक्रियाएं

स्थापना या अन्य स्थलों पर घटना निवारण उपायों और प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:-

(i) स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) नीति;

(ii) उचित विन्यास और अंतर सुविधा दूरी (विन्यास में मनुष्यों और सामग्रियों का आड़ा-तिरछा) संचलन नहीं होना चाहिए;

(iii) संघ के नेताओं और कामगारों की उचित भागीदारी सहित सुरक्षा समितियां;

(iv) सुरक्षा लेखा-परीक्षा और निरीक्षणों को निर्धारित जांच-सूची की मदद से किया जाना चाहिए। कंपनी सुदृढ़ अनुपालन सुनिश्चित करने और तृतीय पक्ष अनुपालन के लिए प्रक्रिया/पद्धति/पद्धति संबंधी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड के विनियमों के अनुसार निरीक्षण हेतु अवधि तथा दिशा-निर्देशों का अनुपालन करेगी;

(v) कार्य परमिट प्रणाली (परिसीमित स्थल और प्रवेश अनुमति सहित);

(vi) स्थापना (गैस निगरानी प्रणाली. ताप का पता लगाना, उच्च स्तरीय अलार्म, निम्न दाब/उच्च दाब अलार्म आदि) में पूर्व चेतावनी अलार्म प्रणाली विशेषकर

भण्डारण टैंकों के आसपास, भराई स्टेशन, सुपुर्दगी प्वाइंट तथा उसके आसपास, जिसका संकेतक केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष में हो;

(vii) डिजाइन में अंतर्निहित सुरक्षा इंटरलॉक प्रणाली जैसे सुरक्षा राहत वाल्व (एसआरवी), थर्मल सुरक्षा वाल्व (टीएसवी), नॉन-रिटर्निंग वाल्व (एनआरवी), रिमोट प्रचालित वाल्व (आरओवी) तथा स्थापनाओं में अन्य विभिन्न आपात ट्रिप प्रणालियां;

(viii) अग्नि सुरक्षा (विशेषकर स्वचालित) और एचएसई प्रबंधन प्रणाली;

(ix) आंगतुकों के लिए ड्रिल जिसमें एसेम्बली प्रक्रिया और बचाव मार्ग प्रवेश से पहले 'करें' और 'न करें' लिखित अनुदेशों आदि सहित आगंतुकों की जांच;

(x) सुरक्षा एमआईएस प्रणाली की स्थापना तथा संगठनों के अध्यक्ष या सीईओ को अपवाद रिपोर्ट भेजना;

(xi) सभी आपात-उपयोगी उपकरणों को समय-समय पर चलाया और प्रचालित किया जाना चाहिए। इसी प्रकार सुरक्षा उपकरण यंत्रों के लिए बैकअप पॉवर की समय-समय पर जांच की जानी चाहिए और टिप्पणियां रिकार्ड की जानी चाहिए।

(xii) घटना सुरक्षा उपायों के जांच बिंदु, जांच सूची-2 में दिए गए हैं।

12.0 आपातकाल तैयारी उपाय

निवारण उपायों के विस्तृत उपाय करने के बाद आपातकाल से निपटने के लिए तैयारी उपायों को ईआरडीएमपी दस्तावेज में स्पष्ट किया जाना चाहिए।

12.1 आपात ड्रिल और कृत्रिम अभ्यास

(क) ईआरडीएमपी की संपूर्णता और प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए यह आवश्यक है कि पूर्ण टेबलटॉप प्रक्रिया या घोषित और अघोषित ड्रिल समय-समय पर आयोजित किए जाए। प्रत्येक साइट पर ड्रिल रात की पारी, पारी बदलने तथा दिन के दौरान, जैसा कि विनियम 12.1 (ड.) के अंतर्गत अनिवार्य बनाया गया है, की जानी चाहिए।

(ख) ड्रिल में अनेक आपातकाल परिदृश्य होने चाहिए तथा इसमें संगठन की प्रत्येक चुनौती शामिल होनी चाहिए। सीमित पैमाने पर की गई ड्रिल उपयोगी होती है तथा इन्हें प्रत्येक सहायता सेवा के प्रमुख द्वारा अपने निजी बल को प्रशिक्षण देने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आवधिक जन दुर्घटना से निपटने के लिए योजनाएं बनाई जानी चाहिए। इन प्रक्रियाओं के द्वारा ऐसा अनुकरणीय प्रयास किया जाना चाहिए जो आगजनी, विस्फोट या जहरीले तत्व की रिलीज होने की स्थिति जैसा हो तथा निर्धारित समय-सीमा तथा वास्तविक प्रगति की तुलना की जाए।

(ग) चेतावनी प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा, निकासी प्रक्रियाओं तथा निश्चित उपचार प्रक्रियाओं की समय-समय पर जांच की जानी चाहिए।

(घ) संपूर्ण ड्रिल में बाहरी समूहों और एजेंसियों जैसे पुलिस, अग्निशामक दलों, एम्बुलेंस सेवा, नागरिक रक्षा संगठनों और परस्पर सहायता समूहों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

(ड.) ऑनसाइट आपातकाल योजना के लिए परीक्षण और कृत्रिम ड्रिल तीन माह में एक बार तथा ऑफसाइट आपातकाल योजना में बारह महीनों में एक बार की जानी चाहिए।

(च) अन्य स्थापनाओं के लिए कृत्रिम ड्रिल वर्ष में एक बार की जानी चाहिए। तथापि, एक उद्योग सदस्य से अधिक वाली स्थापनाओं में वार्षिक कृत्रिम ड्रिल एक उद्योग सदस्य द्वारा कराई जा सकती है, इस प्रकार स्थापना में प्रत्येक वर्ष एक कृत्रिम ड्रिल सुनिश्चित की जानी चाहिए।

(छ) इन कृत्रिम ड्रिल से व्यक्तिगत क्षमता और समूह के रूप में निष्पादन का आकलन किया जा सकेगा। बार-बार चर्चा और ड्रिल करने से भ्रम और कमियां, यदि कोई हो, को दूर करने में मदद मिलेगी।

(ज) प्रत्येक कृत्रिम ड्रिल में टिप्पणियों और कमियों को रिकार्ड किया जाना चाहिए तथा उन्हें 24 घण्टों में दूर किया जाना चाहिए।

(झ) परस्पर सहायता और कृत्रिम ड्रिल के जांच बिंदु, जांच सूची-3 में दिए गए हैं।

12.2 प्रशिक्षण

(1) ईआरडीएमपी का प्रयोग करना आसान होगा यदि प्रशिक्षण सामग्री और आपात रोकथाम तथा नियंत्रण संबंधी सामान्य सिद्धांत को कार्य-योजना से पृथक रखा जाता है।

(2)(i) उन सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए जिनके प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आपात स्थितियों में शामिल होने की संभावना है। इसमें कर्मचारी, ठेका कर्मचारी, यातायात दल और सुरक्षा कार्मिक भी शामिल होंगे।

(ii) ठेका कार्मिक और ठेका मजदूरों को तभी कार्य प्रारंभ करने की अनुमति दी जानी चाहिए जब वे सुरक्षा प्रशिक्षण में भाग लें और उसे उत्तीर्ण कर लें।

(3) पुनश्चर्या प्रशिक्षण को नियमित अंतराल पर आयोजित किया जाना चाहिए।

(4) खतरनाक या जोखिम वाले मालवाहक परिवहन से संबंधित केन्द्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989 की मूल आवश्यकताओं का ट्रांसपोर्टरों द्वारा अनुपालन किया जाना चाहिए। इसके लिए लदान स्टेशन द्वारा केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के अंतर्गत आवश्यकता अनुसार टैंक ट्रक दल के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाना चाहिए।

12.3 परस्पर सहायता

चूंकि बड़ी आपात स्थिति से निपटना व्यक्तिगत इकाई की क्षमता के बाहर होगा, अत: यह अनिवार्य है कि आसपास के उद्योगों के साथ परस्पर सहायता व्यवस्था की जाए। परस्पर सहायता व्यवस्था तैयार करते समय निम्नलिखित पर विचार किया जाना चाहिए।

(क) जनशक्ति, चिकित्सा सहायता या अग्निशामक उपकरणों आदि के द्वारा स्तर-II आपात स्थिति होने पर अतिरिक्त सहायता प्राप्त करने के लिए लिखित परस्पर सहायता व्यवस्था की जानी चाहिए।

(ख) परस्पर सहायता व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि प्रभावित स्थापना के दुर्घटना नियंत्रक को दूरभाष पर सूचना मिलने पर आसपास के उद्योगों द्वारा पहले से सहमत सहायता सेवा सामग्रियों और उपकरणों की सहायता की जानी चाहिए। इसके अलावा, सदस्य उद्योग द्वारा तैनात ऐसी सभी सेवाएं प्रभावित स्थापना के स्थल घटना नियंत्रक के कमान के अंतर्गत कार्य करनी चाहिए।

(ग) परस्पर सहायता एसोसिएशनें नियमित बैठकें आयोजित करेंगी, लिखित योजनाएं बनाएंगी तथा ड्रिल आयोजन करके अपनी योजनाओं की प्रभावकारिता की जांच करेंगी। प्रचालन की पद्धति की स्थापना करने, संचार, परिवहन और प्रशिक्षण में कमजोरियों का पता लगाने के लिए ड्रिल करना अनिवार्य होता है। समय-समय पर ड्रिल करने से रखरखाव समस्याओं से निपटने का अनुभव होता है तथा संगठन में विश्वास भी पैदा होता है।

(घ) आपात योजना को सफल बनाने के लिए परस्पर सहायता एसोसिएशन के सदस्य संगठनों में निम्नलिखित सूचना का आदान-प्रदान अनिवार्य समझा जाता है:-

(i) प्रत्येक स्थापना में खतरों की प्रकृति तथा अग्निशामक उपाय करना।

(ii) पेट्रोलियम या पेट्रोलियम उत्पाद ले जाने वाले यातायात वाहनों के मार्गों में आने वाली सभी स्थापनाओं या कंपनियों की सूची।

(iii) उपकरण के प्रकार, जिनका विकास किया जाएगा तथा पुन: भराई करने की प्रक्रिया।

(iv) लिखित प्रक्रियाएं जो सहायता और प्रतिक्रिया के लिए संचार पद्धति का उल्लेख करती हैं। परस्पर सहायता सदस्यों के पास उपलब्ध विभिन्न अग्निशामक उपकरणों को चलाने की जानकारी प्राप्त करने तथा प्रयोक्ता स्थित इससे जोड़ना अपेक्षित होता है।

(v) परस्पर सहायता सदस्यों द्वारा प्रवेश और निकासी ब्यौरे की स्थालाकृति से परिचित होना।

टिप्पणी: पेट्रोलियम उत्पाद ले जाने वाले सड़क परिवहन वाहनों की दुर्घटना होने पर पारेषिती के साथ परस्पर सहायता करार न होने पर भी नागरिक प्राधिकारियों के अनुरोध पर निकटतम स्थापना द्वारा सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। ऐसे उद्योग की ओर से असफल रहने पर स्थापनाओं पर इन विनियमों के उप-विनियम 8(4) के अंतर्गत दण्डात्मक प्रावधान किए जाने चाहिए।

13.0 प्रतिक्रिया पद्धति और उपाय

किसी आपात स्थिति के परिणामों को सीमित करने के लिए सुनियोजित और प्रलेखित प्रक्रिया की आवश्यकता होती है ताकि विभिन्न कार्य समूहों के बीच तुरंत प्रतिक्रिया और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। स्थल में विद्यमान अनुसार निम्नलिखित प्रतिक्रिया पद्धति अपनाई जानी चाहिए:

(क) क्षेत्र और मानचित्र

(i) यूनिट के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को दर्शाते हुए क्षेत्र और मानचित्र तैयार किए जाएंगे ताकि आपात स्थिति में यह कार्रवाई करने के आधार के रूप में कार्य कर सकें। यह क्षेत्र के आकार को दर्शाता है जिसमें मानव जीवन को घटना के परिणामस्वरूप गंभीर खतरा पैदा होता है। इसमें एकत्र-स्थल तथा आपात नियंत्रण कक्षों को भी दर्शाया जाना चाहिए। मानचित्र में 24 पवन दिशाएं भी चिन्हित की जानी चाहिए ताकि आपात स्थिति उत्पन्न होने पर आसानी से निकला जा सके।

(ii) कंपनियां जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारी (डीडीएमए) की स्थापनाओं के नक्शों तथा उनके प्रचालनों के अंतर्गत आसपास के क्षेत्रों, जहां वृद्धा आश्रमों, स्कूलों, कारागार आदि जैसी महत्वपूर्ण और संवेदनशील बसावटें हैं, को पूर्ण रूप से अंतिम रूप देने में मदद करेंगी।

(iii) पवन की गति और दिशा को पवनमापी (एनेमोमीटर) की मदद से रिकार्ड किया जाना चाहिए तथा ऑफ-साइट आपात स्थितियों की घोषणा तत्काल डीडीएमए को सूचित की जानी चाहिए।

(ख) नक्शा/फ्लो डॉयग्राम

उत्पाद लाइनों, भराई प्रणाली, आपात शटडाउन प्रणाली पृथक्करण वाल्व आदि जैसे विभिन्न कार्यकलापों के लिए विस्तृत नक्शे/फ्लो डॉयग्राम बनाए जाने चाहिए। महत्वपूर्ण नियंत्रण वाल्व का उल्लेख किया जाना चाहिए।

(ग) जनशक्ति आंकड़े

आपात स्थिति में आवश्यकता का आकलन करने के लिए पारी आधार पर नियुक्त जनशक्ति का ब्यौरा दिया जाना चाहिए।

टिप्पणी: ईआरडीएमपी प्रतिक्रिया उपायों पर जांच बिंदुओं को जांच सूची-4 में दिया गया है।

14.0 आपात संगठन और दायित्व

(1) ईआरडीएमपी सामान्य प्रचालन से आपात प्रचालन तथा व्यवस्थित शटडाउन, यदि कोई हो, तक सुरक्षित मार्ग तथा प्रचालन कार्मिक से आपात प्रतिक्रिया कार्मिक को अधिकार प्रदान करने की पहचान करेगा। इस उद्देश्य के लिए योजना में आपात प्रतिक्रिया संगठन की क्रमिक योजना सहित उपयुक्त प्राधिकारी तथा प्रतिक्रिया प्रबंधन को प्रेरित करने का पता लगाया जाएगा। आपात संगठन चार्ट में निर्णय लेने की जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा। योजना में प्रत्येक प्रतिक्रियावादी की स्थिति, मिशन, कर्तव्य तथा रिपोर्टिंग संबंध का पता लगाया जाएगा।

(2) किसी आपात नियंत्रण संगठन के समग्र उद्देश्य निम्न प्रकार होंगे:

(क) मौके पर समस्याएं होने पर शीघ्र समाधान करना।

(ख) अन्य क्षेत्रों और ऑफ-साइट पर प्रभाव को रोकना या सीमित करना।

(ग) आपात कार्मिक उपलब्ध कराना, उनके कार्यालयों का चयन करना जो उनके सामान्य कार्यों, जहां-कहीं संभव हो, के अनुरूप हों। विभिन्न लोगों को सौंपे गए कर्तव्यों और कार्यों में मौजूदा संगठनों तथा सेवा समूहों जैसे आग, सुरक्षा, व्यावसायिक, स्वास्थ्य, चिकित्सा, परिवहन, कार्मिक, रखरखाव और सुरक्षा का पूरा उपयोग करना शामिल होना चाहिए।

(घ) कर्मचारियों को जब कभी आपात अलार्म सुनाई दे, ईआरडीएमपी की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अतिरिक्त उत्तरदायित्व निभाना चाहिए।

(ड.) संगठन की स्थापना में चौबीस घंटे की कवरेज की आवश्यकता होती है। आपात नियंत्रण कार्यों या आपात शटडाउन प्रणाली का प्रभार लेने, यदि आवश्यकता हो, के लिए पारी कार्मिकों को तैयार किया जाना चाहिए जब तक कि आपात स्थल पर जिम्मेदार कार्मिक न पहुंच जाएं। प्रत्येक समारोह के लिए संगठन में वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए।

14.1 संगठन चार्ट



* देखें टिप्पणी (2):

सूचकांक

स्तर – I ——

स्तर- II ═══

स्तर- III ---------

टिप्पणी: (1) आपात नियंत्रण के लिए उपर्युक्त अद्वितीय और मूल संगठन चार्ट दिया गया है। कंपनी अपनी अन्य सांविधिक आवश्यकताओं के अनुसार तथा प्रचालनों के जोखिम स्तर और विविधता के आधार पर कार्यों को व्यवस्थित कर सकती है। संगठन को उसके पास उपलब्ध सभी अपेक्षित सेवा और समर्थन प्रणाली का उपयोग करना होगा।

(2) समर्थन सेवाओं में संचार सेवाएं, इंजीनियरी/रखरखाव सेवाएं, चिकित्सा और व्यावसायिक स्वास्थ्य, मानव संसाधन और कल्याण सेवा, सुरक्षा, मीडिया/जन संपर्क, परिवहन और संभार-तंत्र, वित्त, ठेका और प्रापण एवं पर्यावरणीय सेवाएं शामिल हैं।

(3) सीआईसी और एसआईसी दोनों की भूमिका का आवश्यकता के आधार पर विलय किया जा सकता है।

14.2 भूमिका और उत्तरदायित्व

14.2.1 मुख्य घटना नियंत्रक

मुख्य घटना नियंत्रक (सीआईसी) की किसी आपात स्थिति या आपदा से पूर्व, के दौरान और बाद में कार्मिकों, स्थल सुविधाओं और जनता को बचाने की समग्र जिम्मेदारी होती है। सीआईसी सलाह और समग्र मार्गदर्शन के लिए मुख्य आपात नियंत्रण केन्द्र पर उपस्थित रहेगा। मुख्य घटना नियंत्रक के दायित्वों में निम्नलिखित शामिल होगा:-

(क) जांच़ सूची-5 के अनुसार ईआरडीएमपी तैयार करना; समीक्षा करना और उसे अद्यतन बनाना;

(ख) स्थिति का आकलन और आपत स्थिति की घोषणा करना;

(ग) मुख्य समन्वयकों और प्रमुख कार्मिक जुटाना;

(घ) आपात नियंत्रण केन्द्र को सक्रिय बनाना;

(ड.) पुलिस, अग्निशामक दल, अस्पताल आदि जैसे परस्पर सहायता सदस्यों और बाहरी एजेंसियों से सहायता प्राप्त करने के लिए निर्णय लेना;

(च) स्थित की लगातार समीक्षा करना तथा उपुर्यक्त प्रतिक्रिया कार्यनीति पर निर्णय लेना;

(छ) आपात स्थित का जायजा लेना तथा समय पर चिकित्सा कार्रवाई सुनिश्चित करना;

(ज) आपात स्थिति के बाद सही लेखा-जोखा तथा कार्मिकों की स्थिति सुनिश्चित करना;

(झ) आवश्यकता पड़ने पर कार्मिकों की निकासी का आदेश देना;

(ण) ऑफ-साइट आपातकाल घोषित किए जाने पर जिला प्राधिकारियों के साथ परामर्श करने का निर्णय लेना।

14.2.2 स्थल घटना समन्वयक (एसआईसी)

स्थल घटना नियंत्रक की मुख्य घटना नियंत्रक द्वारा पहचान की जाएगी जो उसे सीधे रिपोर्ट करेगा। कंपनी द्वारा एसआईसी को प्रत्येक 24 घंटे की पारी में नामित किया जाएगा। मुख्य घटना नियंत्रक के दायित्वों में निम्नलिखित शामिल होंगे:-

(क) एसआईसी एक व्यावहारिक आपात नियंत्रण योजना बनाएगा, आपात नियंत्रण केन्द्र स्थापित करेगा, संगठन में ईआरडीएमपी की स्थापना और व्यवस्था करेगा तथा कार्मिकों को प्रशिक्षण देगा;

(ख) एसआईसी में तुरंत निर्णय लेने और पूरा प्रभार संभालने की योग्यता होनी चाहिए;

(ग) एसआईसी आपातकाल नियंत्रण केन्द्र के साथ बातचीत करेगा जहाँ वह समूहों में कार्यों का समन्वय कर सकता है;

(घ) एसआईसी यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा कि उपयुक्त स्थानीय और राष्ट्रीय प्राधिकारियां अधिसूचित हों, मीडिया विवरण तैयार किए जाएं, सीआईसी से अनुमोदन प्राप्त किया जाए तथा अनुमोदन प्राप्त होने पर ऐसे विवरण जारी किए जाएं;

(ड.) एसआईसी यह भी सुनिश्चित करेगा कि घटना या आपात स्थिति, जैसी भी स्थिति हो, पर प्रतिक्रिया कंपनी की पद्धति, घटना से कारोबार का सतत् समन्वय रिकवरी करने के अनुसार हो। वह यह सुनिश्चित करेगा कि निकटतम संबंधी को समय पर अधिसूचित किया जाए;

(च) यदि उपर्युक्त उद्देश्य के लिए किसी विशिष्ट सहायता अपेक्षित हो तो एसआईसी समन्वय भी करेगा; और

(छ) एसआईसी पुलिस, अग्निशामक दल, अस्पताल आदि जैसे परस्पर सहायक सदस्यों और बाहरी एजेंसियों से सहायता मांगने पर निर्णय भी लेगा।

14.2.3 प्रशासन और संचार समन्वयक

प्रशासन और संचार नियंत्रक के दायित्वों में निम्नलिखित शामिल होंगे:-

(क) परस्पर सहायता सदस्यों और अन्य बाहरी एजेंसियों के साथ समन्वय करना;

(ख) बाहरी एजेंसियों के पहुंचने पर उन्हें वांछित स्थलों पर संबंधित समन्वयकों तक जाने का निर्देश देना;

(ग) चिकित्सा केन्द्र को जानकारी देना तथा घायल लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता देना, घायलों को तुरंत चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था करना तथा अस्पतालों के साथ समन्वय करना;

(घ) एकत्र स्थलों पर लोगों की गिनती सुनिश्चित करना;

(ङ) अग्निशामक उपकरणों और अतिरिक्त दवाइयों को खरीदने की व्यवस्था करना;

(च) प्रतिक्रिया उपायों की सुविधा के लिए विभिन्न दलों के लिए परिवहन की व्यवस्था करना;

(छ) परिसर में और उसके बाहर कार्मिकों के प्रवेश और निकासी की निगरानी करना;

(ज) यह सुनिश्चित करना कि परिसर में केवल प्राधिकृत कार्मिक ही प्रवेश करें;

(झ) परिसर में जाने और बाहर निकलने के लिए यातायात के प्रवाह को नियंत्रित करना तथा पुलिस की सहायता से परिसर के बाहर भीड़, यदि कोई हो, को नियंत्रित करना;

(ञ) विभिन्न दलों को प्रशासनिक और संभार-तंत्र सहायता उपलब्ध कराना; और

(ट) मुख्य घटना नियंत्रक द्वारा निर्देशित अनुसार तथा पुलिस, पंचायत/नगरपालिका प्राधिकारियों आदि जैसे नागरिक प्राधिकारियों के साथ समन्वय करना आदि।

14.2.4 अग्नि सुरक्षा समन्वयक और अग्नि दल

अग्नि और सुरक्षा समन्वयक की जिम्मेदारियों में निम्नलिखित शामिल होगा:-

(क) लागू संहिता के अनुसार आपात सॉयरन को सक्रिय बनाना;

(ख) सभी अग्नि शामक और बचाव प्रचालनों तथा सुरक्षा मामलों का प्रभार लेना;

(ग) यह सुनिश्चित करना कि मुख्य कार्मिकों को बुलाया जाए तथा आपात प्रक्रिया के अनुसार अग्निशामक प्रचालनों के दल को भेजा जाए;

(घ) उनके दल के कार्य का आकलन करना तथा सीआईसी के साथ बातचीत करना और/या प्रशासनिक नियंत्रक के साथ किसी पुनर्भरण या जनशक्ति या अग्निशामक उपकरण का प्रतिस्थापन करना;

(ङ) अग्निशामक दल और परस्पर सहायता सदस्यों को उनकी वांछित भूमिका तथा जनशक्ति और उपकरण की उचित स्थिति का निर्देश देना;

(च) परस्पर सहायता की आवश्यकता पर निर्णय लेना तथा फॉयर स्टेशन को निर्देश देना, जो आगे परस्पर सहायता सदस्यों से संपर्क करेंगे;

(छ) उचित रूप से समन्वित अग्निशामक प्रचालन के लिए बाहरी अग्निशामक दलों के साथ समन्वय करना;

(ज) यह सुनिश्चित करना कि घायलों को तुरंत प्राथमिक सहायता केन्द्र/अस्पताल भेजा जाए;

(झ) परस्पर सहायता भागीदारों से मदद लेने सहित अतिरिक्त अग्निशामक संसाधनों की आवश्यकता की व्यवस्था करना;

(ञ) खाली और लदे हुए ट्रकों को जहाँ तक संभव हो सुरक्षित क्षेत्र में पहुंचना ताकि वे आपात स्थिति से निपटने के प्रचालनों से प्रभावित न हों;

(ट) एसआईसी और/या सीआईसी के साथ लगातार संपर्क बनाना तथा उनके द्वारा सूचित अनुसार आपात संघर्ष कार्यनीति को लागू करना; और

(ठ) मेन लाइनों में पर्याप्त हाइड्रेंट दाब सुनिश्चित करना तथा जलाशय में पानी के स्तर की निगरानी करना।

टिप्पणी: अग्निशामक प्रमुख आपदा स्थल पर पहचानी जा सके वाली जैकट पहनेगा ताकि उसे अग्निशामक कार्मिकों में स्पष्ट रूप से पहचाना जा सके तथा वह दूरी से दिखाई दे।

14.2.5 प्रमुख स्थापनाओं के लिए सहायता और सहायक सेवाएं

निम्नलिखित अतिरिक्त समन्वयकों (14.2.5.1 से 14.2.5.4 का संदर्भ लें) को नामित किया जाए तथा एसआईसी और सीआईसी के मूल कार्यों के अंतर्गत आने वाली विशिष्ट जिम्मेदारियाँ सौंपी जाएं:-

14.2.5.1 मानव संसाधन और कल्याण सेवा समन्वयक

14.2.5.2 परिवहन और संभार-तंत्र सेवा समन्वयक

14.2.5.3 मीडिया और जन संपर्क समन्वयक

14.2.5.4 प्रचालन और तकनीकी समन्वयक

14.2.5.5 सुरक्षा समन्वयक

सुरक्षा समन्वयक मुख्य/स्थल घटना नियंत्रक को रिपोर्ट करता है तथा किसी घटना या आपात स्थिति के दौरान स्थापना की सुरक्षा और निम्नलिखित कार्रवाई का कार्यान्वयन करने के लिए जिम्मेदार होता है:-

(क) सुरक्षा विभाग या स्वागत कार्यालय से अनुमोदित आगंतुक सूची प्राप्त करना ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सुरक्षा कर्मचारी द्वारा सूची में दिए गए कार्मिक को स्वागत कार्यालय तक पहुंचाया जाए;

(ख) किसी कार्यालय के खाली होने की स्थिति में कार्यालय की सुरक्षा को बनाए रखना;

(ग) नागारिक अशांति की स्थिति में कार्यालय को सुरक्षा प्रदान करना तथा प्राधिकारियों को सहायता देना या जब आवश्यक हो, आपात स्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था करना;

(घ) मुख्य/स्थल घटना नियंत्रक से प्रारंभिक जानकारी प्राप्त करना तथा आपातकाल के दौरान स्थल घटना नियंत्रक को सुरक्षा सूचना और/या स्थिति रिपोर्ट उपलब्ध कराना;

(ङ) मुख्य घटना नियंत्रक द्वारा सौंपे गए किसी कार्य की जिम्मेदारी उठाना;

(च) आपात-स्थिति का आकलन करना, सुरक्षा विशिष्ट समस्याओं का पता लगाना तथा मुख्य घटना नियंत्रक को समाधान की सिफारिश करना।

14.2.5.6 (क) ईआरडीएमपी अभिलेखों का रखरखाव

किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, जिसमें बाल-बाल बचने, स्तर-I स्तर-II और स्तर- III शामिल हो, के ईआरडीएमपी रिकार्ड रखे जाएंगे। संगठन उपर्युक्त प्रबंधन तथा आपदा उपरांत प्रलेखन जैसे नियुक्त संसाधन, राहत, पुनर्वास उपाय तथा ऐसे किसी आपातकाल की पुनरावृत्ति से बचने के लिए सीखे गए पाठ, के लिए घटना अभिलेख रजिस्टर रखेगा। सीआईसी/एसआईसी द्वारा एचएसई का अध्यक्ष या अन्य कोई विनिर्दिष्ट कार्मिक ऐसे अभिलेखों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार होगा।

(1) किसी आपात स्थिति में अच्छा जन संपर्क कार्यक्रम अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। जानकारी मीडिया, सरकारी एजेंसियों, स्थानीय संगठनों और आम जनता से प्राप्त की जाएगी।

(2) प्रतिक्रिया योजना के इस खण्ड में जन संपर्क या मीडिया योजना शामिल होगी। इसमें एक सूचना अधिकारी होना चाहिए जिसे मीडिया संपर्क की पूरी जानकारी और प्रशिक्षण प्राप्त हो।

(3) प्रारंभिक रिलीज तथ्यों के विवरण जैसे शामिल स्थापना का नाम, बिखराव का प्रकार और मात्रा, बिखराव का समय तथा किए जा रहे निवारक उपायों तक सीमित होगी। सभी तथ्यों को हर किसी को स्पष्ट और दृढ़ता से बताया जाना चाहिए।

टिप्पणी: योजना में आपातकाल के दौरान समय-समय पर घोषणा करने के लिए स्थानीय मीडिया और दूरदर्शन केन्द्रों का इस्तेमाल करना शामिल किया जाना चाहिए। इससे अफवाहों और अटकलबाजी पर अंकुश लगाने में भी मदद मिलेगी।

14.2.5.7(ख) रिकार्डर

रिकार्डर की जिम्मेदारी घटना या आपात स्थल से प्राप्त प्रमुख सूचना का सही समय दर्ज करने तथा स्थल घटना नियंत्रक द्वारा प्रारंभ की गई कार्रवाई को रिकार्ड करने और नीचे दिए गए अनुसार आपात प्रतिक्रिया कार्रवाई को कार्यान्वित करना होता है:

(क) घटना स्थिति बोर्ड/प्रदर्श पर मैनुअली या इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रमुख घटना की स्थिति/कार्रवाई दर्ज करना;
(ख) अनिवार्य उपकरण जांच सूची स्थिति का रखरखाव करना;
(ग) यह सुनिश्चित करना कि सभी स्थिति और सूचना अद्यतन हो और सही रूप में प्रदर्शित की जाए;
(घ) प्रमुख ईसीसी कक्ष में आपात स्थिति होने पर सभी आवश्यक रिकार्ड की गई सामग्री को वैकल्पिक ईसीसी कक्ष में ले जाना; और
(ड.) लॉग पुस्तक रखना।

14.2.5.8 संचार सेवाएं

(1) संचार समन्वयक नीचे दी गई कार्रवाई सुनिश्चित करेगा:

(क) यह सुनिश्चित करना कि ईसीसी उपकरणों और प्रणालियों को उच्च मानक पर बनाए रखा जाए तथा वे पूरे आपातकाल के दौरान चालू अवस्था में रहें।

(ख) ईसीसी कक्ष के उपलब्ध न होने की स्थिति में बैक-अप संचार प्रणाली की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

(ग) दैनिक और आपात स्थितियों में प्रयोग के लिए गुणवत्ता और विविध संचार प्रणालियाँ उपलब्ध कराना।

संचार प्रवाह चार्ट



टिप्पणी: 1. आपातकाल की अधिसूचना के लिए ऊपर दिया गया संचार प्रवाह चार्ट अद्वितीय है।

2. जहाँ-कहीं किसी आपात स्तर पर कोई संचार मौजूद हो, तो इसका स्वयंमेव यह अर्थ है कि यह संचार व्यवस्था आपात के सभी उच्च स्तरों पर मौजूद है।

(2) **सूचना का प्रवाह**

(क) नियंत्रण केन्द्र क्षेत्र से सूचना व्यक्तिगत रूप से या स्थापना में उपलब्ध विभिन्न प्रणाली के माध्यम से प्राप्त करेगा।

(ख) सूचना के प्राप्त होने पर नियंत्रण कक्ष पारी प्रभारी ईआरडीएमपी को स्थापित करेगा और स्थल घटना नियंत्रक को आपात स्थिति की सूचना देगा।

(ग) नियंत्रण कक्ष पारी प्रभारी स्थल घटना नियंत्रक के रूप में तब तक कार्य करेगा जब तक विनिर्दिष्ट व्यक्ति न पहुंच जाए।

(घ) एसआईसी या सीआईसी आपात के स्तर के आधार पर ईआरडीएमपी की स्थापना करेगा तथा संबंधित प्राधिकारियों को उपर्युक्त चार्ट में दर्शाए अनुसार सूचना देगा।

टिप्पणी: उपर्युक्त प्रमुख कार्य के अलावा, अन्य सहायक सेवाओं की भूमिका और जिम्मेदारी जैसे वित्त, सामग्री आदि को भी आपदा प्रबंधन योजना में विस्तृत रूप से दर्शाया जाना चाहिए।

14.2.5.9 सॉयरन संहिता

(1) आपात सॉयरन/सॉयरनों को उपयुक्त रूप से लगाया जाना चाहिए ताकि पूरा क्षेत्र स्थापना के अंदर प्रचालनात्मक नियंत्रण में शामिल हो जाए। इसे चालू स्थिति में रखने के लिए सभी सप्ताह में कम से कम एक बार जांच की जानी चाहिए।

(2) आपातकाल सॉयरन संहिता निम्न प्रकार होनी चाहिए, नामत:-

(क) आपातकाल स्तर-I: दो मिनट तक तेज आवाज में सॉयरन बजाना।

(ख) आपातकाल स्तर-II और-III: स्तर-I और II के मामले में समान प्रकार का सॉयरन लेकिन इसे एक मिनट अर्थात् *(2 मिनट तक तेज आवाज में सॉयरन बजाना + 1 मिनट का अंतर + 2 मिनट तक एक तेज आवाज में सॉयरन बजाना + 1 मिनट का अंतर + 2 मिनट तक तेज आवाज में सॉयरन बजाना) के अंतराल पर तीन बार बजाया जाएगा)।* आपदा सॉयरन की कुल अवधि आठ मिनट होगी।

(ग) सभी कुछ सामान्य: दो मिनट तक लगातार सॉयरन बजाना।

(घ) जांच: सप्ताह में कम से कम एक बार दो मिनट तक लगातार सॉयरन बजाना।

(ड.) सार्वजनिक संबोधन प्रणाली से संदेश देना।

15.0 आधारभूत ढांचा

15.1 आपात नियंत्रण केन्द्र (ईसीसी)

(1) प्रत्येक स्थापना में बैकअप व्यवस्था सहित ईसीसी का प्रावधान होना चाहिए।

(क) ईसीसी को संभावित खतरों से दूर बनाया जाना चाहिए जो कार्मिक और उपकरण को अधिकतम सुरक्षा उपलब्ध कराएगा।

(ख) ज्वलनशील-रोधी भवन बनाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जो इस्पात के ढांचे की बनी हो या ठोस कंक्रीट का निर्माण हो।

(ग) ईसीसी में कम से कम दो प्रवेश द्वार और पर्याप्त रोशनदान होने चाहिए।

(2) ईसीसी में निम्नलिखित कुछ बुनियादी आपूर्ति और समर्पित उपकरण उपलब्ध कराए जाने चाहिए:

(क) ईआरडीएमपी की एक प्रति।

(ख) मानचित्र और डॉयग्राम जिनमें भवन, सड़कें, भूमिगत फायर मेन, महत्वपूर्ण खतरनाक सामग्री और प्रोसेस लाइनें, नाली खाइयाँ तथा उपयोगिताएं जैसे वाष्प, जल, प्राकृतिक गैस और विद्युत शामिल हो।

(ग) हवाई चित्र, यदि संभव हो, तथा स्थल, संबद्ध उद्योगों, आसपास के समुदाय, राजमार्ग, नदियों आदि को दर्शाने वाले मानचित्र, जिससे यह तय करने में मदद मिले कि आपदा किस प्रकार से समुदाय को प्रभावित कर सकती है ताकि उचित लोगों को अधिसूचित किया जा सके, पर्याप्त बाधाएं बनाई जा सकें और नागरिक प्राधिकारियों को सलाह दी जा सके।

(घ) कर्मचारियों के नाम, पते और दूरभाष संख्या।

(ड.) ऑफ साइट समूहों और संगठनों के नाम, पते और दूरभाष संख्या जिनसे संपर्क किया जाना हो, उपलब्ध होने चाहिए। सभी दूरभाष सूचियों को यथावश्यक नियत आधार पर सही करने और अद्यतन बनाने की दृष्टि से समीक्षा की जानी चाहिए।

(च) ईसीसी में समर्पित और विश्वसनीय संचार उपकरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। संगठन में ऑन-साइट और ऑफ-साइट दोनों में पर्याप्त टेलिफोन लाइनें और एक फैक्स लाइन उपलब्ध कराई जानी चाहिए। दो-तरफा रेडियो उपकरण उपलब्ध कराए जाने चाहिए ताकि अन्य साधनों के विफल होने पर संचार की निरंतरता बनी रहे जो क्षेत्रीय कार्यकलापों के साथ संपर्क बनाने का एक उत्कृष्ट माध्यम है।

(छ) सभी ईसीसी में आपात लाइटें होनी चाहिए ताकि बिजली चले जाने पर प्रचालनों को जारी रखा जा सके।

(ज) घटनाओं के क्रम को रिकार्ड करने की सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि जांच के कारणों, निष्पादन का मूल्यांकन करने और

रिपोर्टें तैयार करने में सहायता हो। यह पैन बोर्ड, लॉगबुक से लेकर टेप रिकार्डर तक हो सकती हैं तथा सही रूप में रिकार्ड करने के लिए यह कार्य किसी व्यक्ति को सौंपा जाना चाहिए।

(झ) ईसीसी में लैन/इंटरनेट सुविधा वाला एक समर्पित कंप्यूटर भी होना चाहिए ताकि स्थापना आंकड़ों का पता लगाया जा सके तथा इसमें सभी मानक प्रचालन पद्धति (एसओपी) आदि की नवीनतम और अद्यतन सॉफ्ट प्रतियां होनी चाहिए।

15.2 एकत्र स्थल

(1) मात्रात्मक जोखिम आकलन के अनुसार सुरक्षित क्षेत्र में पूर्व-विनिर्दिष्ट क्षेत्र होना चाहिए, जहां कामगार, कर्मचारी, ठेकेदार, मजदूर आदि, जो आपात प्रचालनों (ईआरडीएमपी के अनुसार) में शामिल नहीं है, को आपात स्थिति में एकत्र होना चाहिए।

(2) आपात स्थल के आधार पर एकत्र स्थल भिन्न-भिन्न हो सकता है। प्रत्येक संभावित खतरनाक क्षेत्र के लिए एक विशिष्ट एकत्र-स्थल की पहचान की जानी चाहिए तथा उसे क्षेत्रों या मानचित्रों में स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए।

(3) एकत्र-स्थल तक पहुंचने के मार्ग पर दिशा-सूचक बोर्ड स्पष्ट रूप से दर्शाए जाने चाहिए। मार्ग को फ्लोरेसेंट मार्किंग से भली-भांति प्रकाशित किया जाना चाहिए।

(4) आपात स्थिति के दौरान पूर्व-विनिर्दिष्ट व्यक्ति इस स्थल का प्रभार ले लेंगे और सूचना देने वाले लोगों की रोल कॉल लेंगे। एकत्र स्थलों, संचार व्यवस्था और व्यक्तियों की गणना करने तथा एकत्रित कर्मचारियों के संचलन को नियंत्रित करने के लिए कार्मिक का प्रावधान किया जाना चाहिए।

16.0 ऑन-साइट और ऑफ-साइट आपातकाल घोषणा

(1) आपात-स्थिति छोटी सी घटना से शुरू होती है जो समय के गुजरने के साथ-साथ एक बड़ी घटना बन जाती है। प्रारंभिक चरणों में आपात संगठन चार्ट पर कार्रवाई की जाएगी। यदि घटना नियंत्रण से बाहर हो जाए तो मुख्य घटना नियंत्रक द्वारा उपयुक्त स्तर पर, जैसा आवश्यक समझा जाए, ऑन साइट आपात योजना को लागू किया जाएगा।

(2) खाली पारी या अवकाश के दौरान सुरक्षा कार्मिक ईआरडीएमपी संगठन के अनुसार घटना से निपटेंगे और साथ ही विभिन्न आपात नियंत्रकों को स्थिति के मार्गदर्शन और नियंत्रण के लिए सूचित करेंगे।

(3) जब आपात स्थिति विनाशकारी रूप ले ले तथा संयंत्र परिसर के बाद निकासी को मुख्य घटना नियंत्रक द्वारा आवश्यक समझा जाए तो ऑफ-साइट आपात योजना को लागू करने के लिए इसे जिला प्राधिकारी को सौंपा जाएगा।

(4) इसके बाद से आपात प्रबंधन को जिला समाहर्ता/डीडीएमए के पर्यवेक्षण में जिला संकट प्रबंधन समूह द्वारा नियंत्रित किया जाना होता है।

(5) ऑन-साइट आपात योजना तैयार करने के अलावा, ऑफ-साइट आपात योजना तैयार करने के लिए जिला प्राधिकारी को संगत सूचना देना प्रत्येक उद्योग के दखलकार की एक सांविधिक जिम्मेदारी है जो खतरनाक पदार्थ की हैण्डलिंग करते हैं।

17.0 आपात स्थिति को नियंत्रित करने के लिए संसाधन

(1) सभी संभव आपात स्थितियों से निपटने के लिए फैक्टरी अधिनियम, 1948 तथा स्थापना पर लागू अन्य सांविधिक विनियमों के अंतर्गत आवश्यकताओं के अलावा ऊपर चयनित अनुसार जोखिम स्तर के आधार पर स्थापना में अनेक प्रणालियों और संसाधन उपलब्ध कराने होंगे।

(2) स्थापना के अंतर्गत उपलब्ध आपात नियंत्रण प्रणाली और सुविधाएं निम्न प्रकार होंगी:-

(क) आग और गैस पहचान प्रणाली
(ख) अग्नि सुरक्षा प्रणाली (सक्रिय ओर निष्क्रिय)
(ग) अग्निशामक प्रणालियां
(घ) आंतरिक एम्बुलेंस सुविधा, यदि उपलब्ध न हो, तो वह फोन द्वारा तत्काल उपलब्ध होनी चाहिए।
(ङ) बचाव सुविधाएं और व्यक्तिगत बचाव उपकरण (पीपीई)
(च) चौबीस घंटे प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, जिसके अंतर्गत न्यूनतम एक नर्स (24×7) और डॉक्टर प्राथमिक चिकित्सा कक्ष में उपलब्ध होना चाहिए।
(छ) संचार सुविधाएं
(ज) बचाव मार्ग और निकासी क्षेत्र
(झ) आपात बंदीकरण प्रणाली

(3) योजना में अपेक्षित संसाधनों को उपयुक्त रूप से शामिल किया जाना चाहिए। संख्या और प्रकार उद्योग में संगत संहिता, मानक और उत्कृष्ट पद्धति के अनुसार होने चाहिए। इस खण्ड में दूरभाष संख्या और संपर्क नाम सहित स्थानीय सहायता के स्रोतों का भी पता लगाया जाएगा:

(क) अग्निशामक विभाग
(ख) पुलिस
(ग) नगरपालिका और प्रांतीय एजेंसियां
(घ) अस्पताल

(ङ.) डॉक्टर
(च) अन्य संगत कंपनी सुविधाएं
(छ) परस्पर सहायता संगठन
(ज) सरकारी समितियां
(झ) हेलिकॉप्टर और वायु परिवहन सेवाएं
(ण) सतह परिवहन सेवाएं
(ट) सुरक्षा और निगरानी उपकरण आपूर्तिकर्ता
(ठ) बिखराव प्रतिक्रिया और/या सफाई सेवाएं

(4) स्थापनाओं में संसाधनों जैसे उपकरण, कार्मिक, प्रौद्योगिकी, विशेषज्ञता, आदि का प्रकार भी निर्धारित किया जाएगा जिसे विभिन्न स्थितियों के अंतर्गत संबंधित सरकारों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

(5) संसाधनों-आंतरिक/बाहरी की उपलब्धता के जांच बिंदु, जांच सूची-6 में दिए गए हैं।

18.0 जनसांख्यिकीय सूचना

निम्नलिखित सूचना के आधार पर ईआरडीएमपी तैयार की जाएगी:-

(क) 5 कि.मी. के दायरे में आसपास की जनसंख्या
(ख) उद्योगों की आवासीय कॉलोनियां
(ग) स्कूल, अस्पताल, धार्मिक स्थापनाएं तथा वृद्धावस्था आश्रम आदि जैसे संवेदनशील संस्थान
(घ) पशु और पशुधन
(ङ) वनस्पति और जीव-जंतु

19.0 चिकित्सा सुविधाएं

ईआरडीएमपी में निम्नानुसार चिकित्सा सुविधाओं का ब्यौरा उपलब्ध कराया जाना चाहिए:-

(क) प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में उपलब्ध सुविधाएं
(ख) संयंत्र में प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षित व्यक्तियों का ब्यौरा
(ग) चयनित अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाएं
(घ) अन्य स्थानीय अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाएं
(ङ) प्रतिकारक और आपात दवाइयां
(च) शहर में विशेषज्ञ डॉक्टरों का ब्यौरा
(छ) आसपास के नगरों में अस्पताल का ब्यौरा

20.0 निकास

(1) चोट को रोकने में निकास तकनीकों पर योजना और प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। साइट के निकट स्थानीय समुदायों या लोगों की निकासी स्थिति और हवा के नीचे की ओर बहने की सूचना आदि पर निर्भर करेगी। यद्यपि सामान्यत: यह कार्रवाई शुरू की जाएगी और इसे जिला प्राधिकारियों द्वारा हैण्डल किया जाएगा, प्रभावित स्थापना से ऐसी निकासी में मदद मिलेगी।

(2) इस निकासी योजना में निम्न पर विचार किया जाएगा:-

(क) ऑन-साइट या ऑफ-साइट कार्रवाई की सिफारिश करने का आधार
(ख) क्षेत्र या स्थल निकासी के लिए प्राधिकृत व्यक्ति
(ग) संचार प्रणाली
(घ) भवनों, क्षेत्रों और स्थल से निकासी का प्रशिक्षण
(ङ) निकासी उपकरण का स्थल
(च) फ्लैश लाइटों या अन्य सहायक प्रकाश-व्यवस्था के लिए प्रावधान
(छ) सुरक्षित क्षेत्र के रूप में से कौन से क्षेत्र कार्य कर सकते हैं।
(ज) गैस या धुएं की रिलीज से तिरछी दिशा में जाना।
(झ) एकत्र-स्थल और अंतरण स्थल पर योजना और पेयजल का प्रावधान।

(3) यदि व्यक्तियों की प्रारंभिक गणना की सूचना के बाद निकासी होती है तो दोबारा गणना करना आवश्यक होगा। जहां ऐसा करना सुरक्षित हो, वहां निकासी किए जाने वाले क्षेत्रों की यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह जांच की जानी चाहिए कि सभी सुरक्षित रूप से चले गए हैं। आपात स्थिति में छोटे चलते-फिरते वाहन घोषणा के लिए उपलब्ध होने चाहिए।

21.0 जनता को सूचना

(1) आपात स्थिति में किए जाने वाले सुरक्षा उपायों को आम जनता को बताया जाना चाहिए, जिनके प्रभावित होने की संभावना हो।

(2) इस उद्देश्य के लिए 'करें' और 'न करें' तैयार करके संकट प्रबंधन समूह को दिए जाने चाहिए। 'करें' और 'न करें' के प्रदर्श बोर्डों को द्वार के बाहर तथा आसपास की कालोनियों और नजदीक पास-पड़ोस में अन्य बसावट क्षेत्रों में लगाया जाना चाहिए।

22.0 बाहरी एजेंसियों सहित पणधारकों की भूमिका और जिम्मेदारियां

(1) बाहरी एजेंसियों जैसे जिला प्राधिकारी, पुलिस, अग्निशमन सेवा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया वाला (एनडीआरएफ) तथा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) सहित पणधारकों की भूमिका और उत्तरदायित्व।

(2) उपर्युक्त पणधारकों और प्रतिक्रियावादियों, आपात प्रचालन के अध्यक्ष और बाहरी एजेंसियों सहित उनके प्रभार के अंतर्गत आपात प्रचालन और अन्य प्राधिकारियों के अध्यक्ष के रूप में प्राथमिक जिला समाहर्ता की भूमिका और उत्तरदायित्वों को **अनुसूची-V** में परिभाषित किया गया है। ये नियम और उत्तरदायित्व सामान्यत: राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकारी द्वारा अप्रैल, 2007 में प्रकाशित राष्ट्रीय आपदा रासायनिक प्रबंधन दिशा-निर्देश के अनुरूप हैं।

23.0 घटना की जानकारी देना

(1) स्तर-I के अंतर्गत शामिल सभी घटनाओं का कंपनी द्वारा जब कभी निरीक्षण के लिए करा जाए, रखरखाव किया जाना चाहिए तथा स्तर- II और स्तर- III को बाल-बाल बचने वाली घटना सहित **अनुसूची- VI** में विनिर्दिष्ट प्रपत्र में बोर्ड को सूचित किया जाना चाहिए। उपर्युक्त रिपोर्ट घटना के घटित होने के 48 घंटों तथा प्रमुख घटना के घटित होने के कारण प्रस्तुत की जानी चाहिए।

(2) सभी प्रमुख घटनाओं की जांच रिपोर्ट को प्रस्तुत की जाएगी। किसी घटना को बड़ा तभी माना जाएगा यदि निम्नलिखित में से कोई एक घटित हो:-

(क) 15 मिनट से अधिक समय तक आग लगना

(ख) विस्फोट/फटना

(ग) घातक दुर्घटना

(घ) 10.00 लाख रुपए से अधिक की हानि

(ड.) 500 घंटों से अधिक संचयी मानव घंटों का नुकसान

(च) इस घटना के कारण संयंत्र बंदीकरण/बाहर रहना

(छ) स्तर- III घटना

24.0 कंपनी द्वारा घटना की सूचना देने के बाद कार्रवाई

बोर्ड को घटना की सूचना देने के बाद यह बोर्ड के नोडल अधिकारी (तकनीकी मानकों, विशिष्टयों और सुरक्षा समूह के अध्यक्ष) की जिम्मेदारी होगी कि वह बोर्ड के सभी सदस्यों को सूचित करेगा और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) में स्थिति के सामान्य होने तक उपयुक्त स्तर पर समन्वय करेगा।

25.0 आपात स्थिति समाप्त करना

(1) समापन कार्यकलापों में लोगों को सही सूचना देने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए जिन्हें इनकी बहुत आवश्यक है विशेषकर कर्मचारी, आसपास के निवासी, जिला प्राधिकारी जो ऑफ-साइट आपात स्थितियों में संलग्न है, तथा प्रचालन के आपात चरण के पूरा होते ही शुरू किया जाना चाहिए।

(2) आपात स्थिति की समाप्ति को स्तर- I और II के मामले में उद्योग द्वारा परिभाषित सॉयरन संहिता के अनुसार सॉयरन के जरिए घोषित किया जाएगा। आपात स्तर-III की समाप्ति के जिला प्राधिकारी द्वारा सूचना अंतरण की उपयुक्त प्रणाली के जरिए घोषित किया जाएगा ताकि यह प्रत्येक तक पहुंच सके।

26.0 आपात रिकवरी प्रक्रियाएं

(1) आपात स्थिति के बाद निम्नलिखित कार्यकलापों को विस्तारपूर्वक लागू किए जाने की आवश्यकता है:-

(क) सांविधिक प्राधिकारियों को सूचना

(ख) घटना जांच

(ग) नुकसान आकलन

(घ) बचे हुए उत्पाद, संदूषण रहित, स्वच्छता और बहाली

(ड.) पुनरुद्धार, सीमाओं और सीखे गए सबक सहित घटना के पूर्ण अनुभव के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

(च) स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले संदूषण स्तर का पता लगाने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्थल परिवेश तथा 5 कि.मी. के दायरे में वायु निगरानी करना।

(2) जांच सूची-7 में दिए गए अनुसार ईआरडीएमपी रिकवरी उद्यानों की जांच करना।

27.0 पेट्रोलियम उत्पादों को ले-जाने वाले पाइपलाइन तथा खुदरा बिक्री केन्द्र

(1) पेट्रोलियम उत्पादों के ले-जाने वाली पाइपलाइनों के लिए ईआरडीएमपी को पाइपलाइन की निगरानी की आधुनिक पद्धतियों का पालन करना चाहिए और ईआरडीएमपी में उल्लिखित आपदा प्रबंधन योजना के सभी पहलुओं से मार्गदर्शन लेने के लिए **अनुसूची-VII** का संदर्भ लिया जाना चाहिए, जो रासायनिक आपदा द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुरूप है।

(2) खुदरा बिक्री केन्द्रों के लिए ईआरडीएमपी में उल्लिखित सभी पहलुओं पर ध्यान देना चाहिए तथा ओआईएसडी एसटीडी-225 का संदर्भ भी लेना चाहिए।

28.0 सड़क परिवहन के लिए ईआरडीएमपी

पेट्रोलियम उत्पाद के सड़क परिवहन महत्वपूर्ण स्थान है और इस ओर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सड़क परिवहनों से उत्पन्न आपात से निपटने के लिए उपचार का पूरा ब्यौरा नीचे उपलब्ध कराया गया है:-

28.1 सड़क परिवहन आपात के लिए संसाधन जुटाना

सड़क परिवहन आपात स्थिति के लिए संसाधन जुटाना अनुसूची- **VIII** के अनुसार होना चाहिए।

(क) पेट्रोलियम उत्पाद परिवहन से संबंधित घटना होने से उत्पन्न आपात स्थिति ने, निपटने के लिए यह अपेक्षित है कि एक व्यापक आपात प्रबंधन योजना पूरे मार्ग सहित उद्योग तथा अन्य संबंधित प्राधिकारियों के लिए योजना तुरंत उपलब्ध है। इसके प्रयोक्ताओं द्वारा ईआरडीएमपी को स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए ताकि आपातकाल को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार न्यूनतम प्रतिक्रिया समय सहित व्यवस्थित किया जा सके।

(ख) ईआरडीएमपी की प्रतियां सभी क्षेत्र स्थलों अर्थात् स्थापनाओं, डीओएल डिपो, टर्मिनलों/स्थापनाओं, रिफाइनरियों, गैस प्रोसेसिंग संयंत्रों, प्रेषण इकाइयों, आदि संबंधित जिला प्रशासन, पुलिस स्टेशनों और मार्गस्थ अग्निशामक दलों तथा विशिष्ट टैंक दल मार्गों के यातायात, यथापेक्षित संबंधित क्षेत्र के तेल उद्योग बिक्री कार्मिकों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

(ग) आपात प्रतिक्रिया वाहन की स्थल विशिष्ट उपलब्धता को ईआरडीएमपी में दर्शाया जाना चाहिए।

28.2 टीआरईएम कार्ड (सड़क परिवहन के लिए विशिष्ट)

अनुसूची-IX में दर्शाए गए अनुसार नमूने सहित टीआरईएम कार्ड फार्मेट में तथा टैंक ट्रक दल को मार्ग मानचित्र उपलब्ध कराया जाएगा जिसे आपात स्थिति में संदर्भित किया जाएगा।

28.3 सड़क परिवहन आपात स्थिति के लिए बाहरी एजेंसियों की भूमिका

ऐसा अनुमान है कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा निम्नलिखित भूमिकाएं निभाई जाएंगी:-

28.3.1 अग्निशामक दल

किसी स्रोत से टैंक की दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर अग्निशामक निकटतम स्थापना और पुलिस स्टेशन से संपर्क कर सकता है। स्थिति का आकलन करने के बाद यह :

(क) घटना स्थल पर सभी आवश्यक अग्निशामक उपकरणों को फॉयर टेंडर भेज सकता है;

(ख) यदि रिसाव न हो रहा हो तो स्थापना कार्मिक के परामर्श से टैंक ट्रक को हटाने के लिए कोई आकस्मिक योजना तैयार कर सकता है;

(ग) रिसाव की स्थिति में बसावट क्षेत्र से दूर पानी के छिड़काव द्वारा वाष्प को छिन्न-भिन्न करना। यदि रिसाव स्रोत को बंद न किया जा सकता हो तो आग को बुझाना।

(घ) यदि गैसयुक्त ईंधनों के मामले में पृथक्करण संभव न हो नियंत्रित स्थितियों के अंतर्गत आग को जलने दें;

(ङ) मानव जीवन को बचाएं और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से सामग्री को बचाकर अलग करें;

(च) अतिरिक्त मदद, यदि आवश्यक हो, के लिए पास के शहर में फॉयर ब्रिगेड से संपर्क करें;

(छ) मुनी के जरिए पानी की व्यवस्था करें;

(ज) सिपल पानी टैंक या अन्य कोई स्रोत;

उपर्युक्त के अलावा, अनुसूची-V का पालन करें।

28.3.2 पुलिस की भूमिका

सूचना प्राप्त होने पर, पुलिस राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देश रासायनिक आपदा (उद्योग), अप्रैल, 2007 से प्राप्त अनुसूची-V के अनुसार निम्नलिखित कार्रवाई कर सकती है। तथापि, पुलिस प्राधिकारी निम्नलिखित बिंदुओं को भी ध्यान में रख सकती है;

(क) सड़क के दोनों सिरों से यातायात को रोक दें।

(ख) आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सभी आग, धुएं को बंद करने, सुरक्षित स्थलों पर जाने, यदि आवश्यकता हो, की चेतावनी दें।

(ग) निकटतम जिला पुलिस मुख्यालय से संपर्क करें और स्थिति रिपोर्ट दें।

(घ) क्षेत्र से कार्मिकों को निकालें, यदि आवश्यकता हो।

(ङ) घायल कार्मिकों को निकटतम प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र/अस्पताल ले जाने, राजमार्ग निगरानी से संपर्क करने, घायलों के मामले में कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में मदद करें।

उपर्युक्त के अलावा, अनुसूची- V का पालन करें।

28.3.3 जिला प्रशासन

सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देश, रसायन आपदा (औद्योगिक) अप्रैल, 2007 से प्राप्त अनुसूची-V के अनुसार निम्नलिखित कार्रवाई कर सकता है। तथापि, सूचना के प्राप्त होने पर निम्नलिखित कार्रवाई की जानी चाहिए:-

(क) सम्पूर्ण स्थिति पर नजर रखना।

(ख) यदि घायलों की सूचना प्राप्त होती है तो घटना स्थल पर एम्बुलेंस भेजी जाए।

(ग) बचाव अभियान चलाने के लिए क्रेन या ऐसे अन्य उपकरण भेजने का निर्देश दें।

(घ) यदि किसी भी निकासी की आवश्यकता हो तो लोगों को सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से चेतावनी का संदेश दें।

(ङ) निकासी प्रयोजनों के लिए आपात वाहनों की व्यवस्था करें।

(च) घटना स्थल में आग लगने पर अस्पतालों में जले हुए के वार्ड को तैयार रहने के लिए आदेश दें।

(छ) प्रभावित लोगों को आवश्यकतानुसार मूल सुविधाएं उदाहरण के लिए पानी, बिजली, भोजन और आवास की मूल सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

उपर्युक्त के अलावा अनुसूची-V का पालन करें।

29.0 ईआरडीएमपी को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना (एनडीएमपी) के साथ जोड़ना

29.1 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना (एनडीएमपी)

(1) 23 दिसंबर 2005 को भारत सरकार ने एनडीएमपी अधिनियम 2005 को लागू करके एनडीएमपी के लिए एक ठोस कदम उठाया। एनडीएमपी अधिनियम, 2005 एनडीएमपी के लिए प्रतिक्रिया और राहत केन्द्रित दृष्टिकोण की बजाय सहक्रियाशील और व्यापक विचारधारा को अपनाना एक प्रतिमान बदलाव है जिसमें बचाव, उपशमन, पुनर्वास की तैयारी, पुनर्निर्माण और रिकवरी के सभी पहलू शामिल हैं।

(2) केन्द्र में राष्ट्रीय प्राधिकरण की तरह राज्य सरकार को राज्य के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना करनी होगी। राज्य प्राधिकरण का अध्यक्ष राज्य का मुख्य मंत्री होगा। प्रत्येक राज्य सरकार को आगे अध्यक्ष के रूप में जिला समाहर्ता के साथ राज्य के प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारी की स्थापना करनी होगी।

(3) केन्द्र सरकार को आगे और उपाय करने के लिए अधिकार दिए गए हैं जो वह आपदा प्रबंधन के उद्देश्य के लिए लेने को उपयुक्त समझे जैसे नौसेना, थल सेना और वायु सेना, केन्द्र की अन्य सशस्त्र सेना या अन्य कोई नागरिक कार्मिक, जो इस एनडीएमपी अधिनियम के प्रयोजनों के लिए अवश्यक हों, की

नियुक्ति करना। भारत सरकार को इस अधिनियम के अनुसार क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन में अनुसंधान, प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों के लिए स्थापनाओं की स्थापना करने के लिए अधिकार दिया गया है।

(4) राष्ट्रीय परिकल्पना के अंतर्गत एनडीएमपी के लिए एक सामूहिक, सहक्रियाशील, बहु-आपदा और प्रौद्योगिकी संचालित कार्यनीति विकसित करके एक सुरक्षित और आपदा पुनरुत्थान भारत का निर्माण करना है। इसे लोगों पर आपदाओं के होने वाले प्रभाव को कम करने के लिए रोकथाम, उपशमन और तैयार रहने की आदत को विकसित करके प्राप्त किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में समुदाय पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा और इन्हें गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) द्वारा समर्पित सभी सरकारी एजेंसियों के सामूहिक प्रयासों के जरिए गति और सुदृढ़ता प्रदान की जाएगी।

(5) आपदा के सहक्रियाशील प्रबंधन के लिए विभिन्न एजेसियों में परस्पर क्रियाशील संपर्क दर्शाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन ढांचा नीचे दिया गया है:

<table>
<tr><th colspan="5">राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अवसंरचना</th></tr>
<tr><td colspan="5">भारत सरकार</td></tr>
<tr><td>प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन पर मंत्रिमंडल समिति</td><td></td><td>उच्च स्तर समिति</td><td></td><td>मंत्रिमंडल सुरक्षा समिति</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>योजना आयोग</td><td rowspan="3"></td><td rowspan="3">एनडीएमए
एनईसी</td><td rowspan="3"></td><td>राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान</td></tr>
<tr><td rowspan="2">राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति</td><td>राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल</td></tr>
<tr><td>राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण संसाधन केन्द्र</td></tr>
<tr><td>गृह मंत्रालय
भारत सरकार के मंत्रालय और विभाग</td><td></td><td>राज्य</td><td></td><td>राज्यों के मंत्रालय और विभाग</td></tr>
<tr><td>सेना बल</td><td></td><td>एसडीएमए
एसईसी</td><td></td><td>राज्य पुलिस</td></tr>
<tr><td>केन्द्रीय अर्द्ध-सैनिक बल</td><td rowspan="3"></td><td rowspan="3">जिला
डीडीएमए</td><td rowspan="3"></td><td>राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल</td></tr>
<tr><td>होम गार्ड</td><td>राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण प्रतिक्रिया केन्द्र</td></tr>
<tr><td>सिविल रक्षा</td><td></td></tr>
<tr><td>एनसीसी, एनएसएस और एनवाईकेएस</td><td></td><td>स्थानीय प्राधिकारी</td><td></td><td>अग्निशामक सेवाएं</td></tr>
<tr><td>शैक्षिक संस्थान</td><td rowspan="3"></td><td rowspan="3">समुदाय</td><td></td><td>व्यावसायिक निकाय</td></tr>
<tr><td>वैज्ञानिक संगठन</td><td></td><td>निगमित क्षेत्र</td></tr>
<tr><td>तकनीकी संस्थान</td><td></td><td>एनजीओ</td></tr>
</table>

टिप्पणी 1. यह डॉयग्राम क्रियाशील आपदा प्रबंधन के लिए सहक्रियाशील संपर्कों को दर्शाता है न कि किसी श्रेणीबद्ध ढांचे को।

2. दक्षता को इष्टतम बनाने की दृष्टि से विशेषकर कार्यात्मक स्तर के पिछले और अगले संपर्क बनाएगा।

3. समुदायों की भागीदारी एक महत्वपूर्ण कारक है।

टिप्पणी: चूंकि पीएनजीआरबी का गठन पीएनजीआरबी अधिनियम 2006 के द्वारा किया गया है, अत: इसे भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों के अंतर्गत पहचाना जाना चाहिए।

<u>एनडीएमए के लिए संक्षिप्तियां</u>:

एडीएमए	:	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
एनईसी	:	राष्ट्रीय कार्यकारी समिति
डीएम	:	आपदा प्रबंधन
एनसीसी	:	राष्ट्रीय कैडेट कार्पस
एनसीडीएम	:	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति
एनडीएमआरसी	:	राष्ट्रीय आपदा उपशमन संसाधन केन्द्र
एनडीआरएफ	:	राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल
एनएसएस	:	राष्ट्रीय सेवा योजना
एनवाईके	:	नेहरू युवा केन्द्र
एनजीओ	:	गैर-सरकारी संगठन
एसडीएमए	:	राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
एसईसी	:	राज्य कार्यकारी समिति
डीडीएमए	:	जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

29.2 ईआरडीएमपी का एनडीएमपी के साथ संयोजन

इस ईआरडीएमपी दस्तावेज को विभिन्न पणधारकों के विषय पर सभी संभव आदानों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इसे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देश (रासायनिक आपदा) औद्योगिक के दस्तावेज के साथ सहक्रियाशील बनाने के भी प्रयास किए गए हैं।

29.0 सुरक्षा खतरा योजना

(1) 20वीं सदी के अंत में आंतकवादी गतिविधियों के बढ़ने, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका वाली स्थापनाओं के तोड़फोड़ और बम खतरों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी आपदा प्रबंधन योजना में विचार किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए उच्च स्तरीय चेतावनी उपाय, सुरक्षा गजट यांत्रिक और इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा गजट द्वारा सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करना। ऐसी किसी स्थिति में नगर पुलिस/प्रशासन को तत्काल सूचित करना चाहिए और उनकी मदद लेनी चाहिए।

(2) बम के खतरे के मामले में आपात कार्रवाई करना:

(क) संयंत्र में मौजूद व्यक्तियों को यथाशीघ्र निकाला जाए।

(ख) संयंत्र परिसर में सभी वाहनों को सुरक्षित स्थलों पर ले जाया जाए।

(ग) संयंत्र कार्मिकों को तत्काल जिला प्राधिकारियों से संपर्क करना चाहिए।

(घ) कोई नई या संदिग्ध वस्तु को छूना नहीं चाहिए।

(ड.) सभी पाइपलाइन और टैंक वाल्वों को बंद रखा जाना चाहिए तथा बॉटलिंग संयंत्र के अंदर सभी प्रचालनों को बंद रखना चाहिए।

(च) आगजनी के मामले में अग्निशामक उपकरणों को चलाना चाहिए तथा आपात के दौरान नगर अग्निशामक दल को तत्काल बुलाया जाना चाहिए।

टिप्पणी: प्रत्येक स्थापना द्वारा बम खतरे से निपटने के लिए एक विस्तृत कार्य-योजना तैयार की जानी चाहिए तथा उसे पीएनजीआरबी को सूचना देते हुए इस क्षेत्र में पुलिस प्राधिकारी विशेषज्ञ द्वारा जांच की जानी चाहिए।

30.0 विविध

(1) जब कभी इस आचरण पद्धति से अलग कुछ किए जाने की आवश्यकता हो तो कंपनी इन विनियमों की अधिसूचना की तारीख से 1 महीने के अंदर ऐसे विचलन के लिए पूर्ण ब्यौरा और औचित्य देते हुए प्रस्तावित न्यूनीकरण उपायों सहित बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त करेगी।

(2) यदि इन विनियमों के किसी प्रावधान की व्याख्या के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा, इसके अलावा बोर्ड किसी भी समय इन विनियमों में उपयुक्त संशोधन कर सकता है।

अनुसूची-I

(विनियम 7 का संदर्भ लें)

ईआरडीएमपी के लिए आचरण पद्धति के कार्यान्वयन की अनुसूची

क्र.सं.	कार्यकलाप	कार्यान्वयन समय (ईआरडीएमपी की आचरण पद्धति की तारीख से अधिसूचना तक)
1.	ऑन-साइट आपात योजना	3 महीने
2.	ऑफ-साइट आपात योजना (जिला प्राधिकारी को सूचना प्रस्तुत करना)	3 महीने
3.	उपलब्ध संसाधन	6 महीने*
4.	ईआरडीएमपी का प्राधिकृत तृतीय पक्ष प्रमाणन	1 वर्ष
5.	जांच और कृत्रिम ड्रिल (ऑन साइट)	3 महीने
6.	जांच और कृत्रिम ड्रिल (ऑफ साइट)	** 12 महीने

टिप्पणी: संगठनों के निदेशक मंडल द्वारा विविधत अनुमोदित ईआरडीएमपी की एक प्रति पीएनजीआरबी को प्रस्तुत की जानी चाहिए।

* दीर्घावधि सुपुर्दगी मदों को 12 महीनों तक परस्पर सहायता संगठनों से संबद्ध किया जाना चाहिए।

** जिला प्राधिकारी के साथ समन्वित किया जाना चाहिए।

अनुसूची-II

(विनियम 9 (1) का संदर्भ लें)

खतरनाक पदार्थ प्रबंधन पर संगत सांविधिक सूची

- पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986(संशोधित 1991) तथा उसे अंतर्गत निम्नलिखित नियम:
  - पर्यावरण (सुरक्षा) नियम, 1986 (संशोधित, 2004)।
  - खतरनाक रसायन निर्माण, भण्डारण और आयात नियम 1989 (संशोधित 1994 और 2004)
  - खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन और रखरखाव) नियम, 1989 (संशोधित 2000 और 2003)
  - पर्यावरण पूर्व अनुमोदन अधिसूचना, 2006
  - रसायन दुर्घटना (आपात योजना, तैयारी और प्रतिक्रिया) नियम, 1996
  - जैव-चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन और रखरखाव) नियम, 1989
- फैक्टरी अधिनियम, 1948 (संशोधित 1987)
  - राज्य फैक्टरी नियम
- ज्वलनशील पदार्थ अधिनियम, 1952
- मोटर वाहन अधिनियम, 1988 (संशोधित 2001)
  - केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 (संशोधित 2005)
  - सार्वजनिक दायित्व बीमा नियम, 1991 (संशोधित 1992)
  - सार्वजनिक दायित्व बीमा नियम, 1991 (संशोधित 1993)
- पेट्रोलियम अधिनियम, 1934
  - पेट्रोलियम नियम 2002
- कीटनाशी नियम 1968 (संशोधित 2000)
  - कीटनाशी नियम 1971 (संशोधित 1999)
- राष्ट्रीय पर्यावरण अधिकरण अधिनियम, 1995
- विस्फोट अधिनियम, 1884 (1983 तक संशोधित)
  - गैस सिलेण्डर नियम 2004
  - स्थिर और मोबाइल प्रेशर वेसल (अग्निरहित) नियम, 1981 (संशोधित 2002)।
  - विस्फोट नियम, 1983 (संशोधित 2002)

अनुसूची-III

(विनियम 11.1 का संदर्भ लें)

ईआरडीएमपी की बुनियादी आवश्यकताएं

1. स्थापना की स्थल योजना जिसमें प्रत्येक दिशा में स्थापना से 2 कि.मी. की दूरी तक के पास-पड़ोस का ब्यौरा तथा स्थापना की स्थिति शामिल हो।

2. स्थापना की स्थल योजना जिसमें स्थापना का पूर्ण विन्यास दर्शाया गया हो जैसे चारदीवारी, निकासी और प्रवेश द्वार तथा विभिन्न सुविधाओं की स्थिति दर्शाई गई हो।

3. आग-पानी प्रणाली का विन्यास तथा अग्निशामक उपकरण ब्यौरा।

4. प्रत्येक इकाई की विनिर्माण प्रक्रिया का लाइन ब्लॉक डॉयग्राम और प्रोसेस फ्लो डॉयग्राम (पीएफडी)।

5. स्थापना में भण्डारित, रखे गए, उत्पादित और परिवहन किए गए सभी खतरनाक रसायनों के लिए सामग्री सुरक्षा शीट (एमएसडीएस) । (अनुबंध-I में एमएसडीएस का नमूना)।

6. आंतरिक और बाहरी आपात संपर्क संख्या और पुलिस, अग्निशामक केन्द्र, अस्पताल, परस्पर सहायता उद्योग, फैक्टरी निरीक्षक, बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पेट्रोलियम और विस्फोट सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) आदि का पता।

7. पाइपलाइन मार्ग मानचित्र और विभिन्न सुविधाओं जैसे वाल्व का खण्ड बनाना (एसवी), मध्यवर्ती पिगिंग (आईपी) स्टेशन, पाइपलाइन मार्ग पर मध्यवर्ती पंपिंग स्टेशन (आईपीएस)।

8. तकनीकी सहायता सेवाओं की पता और दूरभाष निर्देशिका जैसे पर्यावरणीय प्रयोगशालाओं, अग्निशामक रसायनिक आपूर्तिकर्ताओं, आपात हैण्डलिंग और विमानन विकिरण सेवाएं, यदि कोई हो, से संबद्ध सार्वजनिक और निजी परामर्शदाता।

9. सुरक्षा खतरा योजना।

अनुसूची- IV

(विनियम 11.2 का संदर्भ लें)

संसाधन जुटाना (पुरुष और उपकरण)

क्र.सं.	कुल आवश्यकता	स्थापना में उपलब्ध	पड़ोसी यूनिटें	नागरिक प्राधिकारी
1.	**जनशक्ति**			
	नियमित कर्मचारी - पारी-वार			
	सुरक्षा कर्मचारी			
	प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षित कार्मिक			
	अन्य (तकनीशियन/हेल्पर)			
2.	**अग्निशामक उपकरण/उपस्कर/रसायन**			
	फॉयर टेंडर/अग्निशामक इंजन			
	जल भण्डारण क्षमता			
	फॉयर होज			
	जेट/फोग/स्प्रे नोजल			
	फोम ब्रांच			
	जम्बो जेट नोजल			
	फोम योगिक (कि.ली.)			
3.	**सुरक्षा उपकरण**			
	पीवीसी सूट			
	संपीड़ित एयर बी.ए.सेट			
	बी.ए.सेट के लिए रिफिल सिलेण्डर			
	कास्केल बी.ए.सेट			
	फॉयर प्रोक्सिमिटी सूट			
4.	**संचार**			
	वॉकी-टॉकी			
	जन-संपर्क प्रणाली			
	मेगाफोन			
5.	**परिवहन**			
	जीप			
	कार			
	एम्बुलेंस			
	ट्रक			
	बस			
	ट्रेक्टर			

	नौका			
	मोबाइल क्रेन			
6.	विविध			
	रस्सी (मीटर)			
	खाली ड्रम			
	बाल्टियाँ			
	रेत की बोरियाँ			
	पानी निकालने का पंप			
	वायवीय पंप			
	फोटो कैमरा			
	वीडियो कैमरा			
7.	कार्पस व्यवस्था के लिए उपकरण			
	हल्की धातु के स्ट्रैचेस			
	तरपाल 12'×12"			
	रस्सी रेशा 3/8"			
	बाल्टी			
	रबड़ के दस्ताने			
8.	आपात दवाइयों और उपकरणों की सूची			
	कैनवस स्ट्रेचर			
	ऑक्सीजन सिलेण्डर			
	स्टलाईट पट्टी			
	स्टलाईजड़ रूई			
	एंटीबॉयोटिक			
	एनलजेस्टीस			
	उपशामक			
	टेटनस टोक्साइड			
	पट्टी करने के उपकरण			
	स्टर्लाइजर			
	स्टलाइज करने के उपकरण, पट्टी हेतु ऑटोक्लेव			
	बी.पी. उपकरण			
	चूषण उपकरण			
	आई.वी. सेट			
	एंटीशॉक दवाइयां			
	ग्लूको सेलाइन सेट			

	ग्लूको सेलाइन बॉटल			

अनुसूची-V

(विनियम 22.0 का संदर्भ लें)

विभिन्न शेयरधारकों की महत्वपूर्ण भूमिका और उत्तरदायित्व

(क) तेल और गैस स्थापना और क्षेत्र (विनियम 3 में उत्तरदायित्व)।

विनियम 3 में ऊपर उल्लिखित स्थापना के लिए परस्पर सहायता एसोसिएशन, जिला प्राधिकारी, पुलिस और अग्निशामक सेवाओं के लिए आवश्यक सूचना उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

(i) खतरनाक रसायनों और प्रणालियों की सूची जिनमें मानव, पर्यावरण और संपत्ति के नुकसान पहुंचाने की क्षमता हो।

(ii) ऑन-साइट आपात योजना और समय-समय पर कृत्रिम ड्रिल करना।

उपर्युक्त कंपनियों को पलायन, बचाव और पुनर्वास में प्राधिकारियों को समर्थन करना चाहिए, जिनमें संसाधनों को चयन किया जाए और प्राधिकारियों के साथ पहले से सहमति बनाई जाए। ऐसे क्षेत्रों को ऑफ-साइट आपात योजनाओं में शामिल किया जाना चाहिए।

(ख) **जिला प्राधिकारी** ऑफ-साइट आपात योजना के लिए जिम्मेदार होता है और उसे अद्यतन प्रमुख दुर्घटना खतरा इकाइयों, वेबसाइट, नियंत्रण कक्ष आदि से लैस होना चाहिए जिसमें हर समय तैयारी स्तर पर निगरानी का प्रावधान शामिल है। रसायन आपदा प्रबंधन की तैयारी की समीक्षा करने के लिए जिला प्रशासन/जिला आपदा प्रबंधन द्वारा रसायन आपदा प्रबंधन के विभिन्न शेयरधारकों की नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी।

(ग) **पुलिस** सभी आपदा प्रबंधन योजनाओं की महत्वपूर्ण घटक होगी क्योंकि वे घटनाओं/आपदाओं की जांच से जुड़े होंगे। पुलिस ऑफ साइट स्थिति का समग्र चार्ज लेगी जब तक कि मौके पर जिला समाहर्ता या उसके प्रतिनिधि पहुंच नहीं जाते।

(घ) **अग्नि सेवाएं** उन प्रथम प्रकियावादियों में से एक होती हैं तथा उन्हें रसायन संबंधी आपात स्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण और उपकरण दिए जाने चाहिए। अग्नि सेवाओं को घटना स्थल पर संभावित खतरों की जानकारी प्राप्त करनी होगी तथा उसे नियंत्रित करने के लिए आपात नियंत्रण उपायों की आवश्यकता होगी।

(ड.) रासायनिक आपात स्थिति में **राजस्व विभाग** निकासी, आरक्षण स्थलों की स्थापना और भोजन के प्रावधान आदि के साथ समन्वय करेगा।

(च) किसी रसायन आपात स्थिति में जब निकासी प्रयोजन किए जाने अपेक्षित होते **परिवहन विभाग** वाहनों को तत्काल उपलब्ध कराएगा।

(छ) ऑफ-साइट योजना में **नागरिक समाज और निजी क्षेत्र** को परिभाषित किया जाएगा।

(ज) **स्वास्थ्य विभाग** को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी पीड़ितों को साइट पर तथा अस्पताल/स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केन्द्र पर तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा, विभाग को प्रभावी प्रबंधन के लिए परिसर में सभी स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केन्द्रों के नेटवर्क की आवश्यकता होगी तथा किसी महामारी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने होंगे।

(झ) **प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड** को पर्यावरण की सतत् निगरानी द्वारा प्रतिक्रिया उपायों के अनुसार आपातकाल की गंभीरता का पता लगाने की आवश्यकता होगी। जब कभी कोई क्षेत्र प्रवेश के लिए उपयुक्त होगा, वह निगरानी के परिणामों पर निर्भर करेगा। अन्य एजेंसियों और उद्योगों की मदद से संदूषण रहित प्रचालन लगाने करने की आवश्यकता होगी।

(ण) **एनडीआरएफ और एसडीआरएफ** आपदा की गंभीरता और प्रकृति के अनुसार दीर्घावधि में इन आपदाओं का प्रबंधन करने के लिए विशेषीकृत बल है। उनका विशेषीकृत प्रशिक्षण एक प्रभावी उपाय है जिसे तैयार के उच्च मानक प्राप्त करने के लिए बनाया जाना चाहिए और समय के साथ रखा जाना चाहिए। उन्हें स्थानीय एजेंसियों जैसे केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के साथ समन्वय करना चाहिए जो औद्योगिक स्थल पर सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हो।

* *उपर्युक्त बाहरी एजेंसियों की भूमिका को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देश रासायनिक आपदा, अप्रैल, 2007 के अनुबंध-ड. में परिभाषित किया गया है।*

एनडीआरएफ़ : राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल
एसडीआरएफ : राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल

अनुसूची-VI

(विनियम 23.0 का संदर्भ लें)

घटना सूचित करने का प्रपत्र

1. संगठन		2. क्षेत्र	
3. स्थान		4. घटना क्र.सं.	
5. घटना की तारीख		6. घटना का समय	
7. बड़ी/छोटी/ बाल-बाल बचना		8. रिपोर्ट-प्राथमिक/अंतिम	
9. आग/घटना		10. आगजनी की अवधि - घंटे/मिनट	
11. घटना का प्रकार अर्थात् जीवन हानि/घायल, आगजनी, विस्फोट, फटना, करंट लगना, ऊंचाई से गिरना, गैस सूंघना, ड्राइविंग, फिसलना/ट्रिप, अन्य, अनुपलब्ध			
12. घटना की स्थिति (संयंत्र/इकाई/क्षेत्र/सुविधा/टैंक फार्म/गैंदी/ सड़क/पार्किंग क्षेत्र आदि)			
13. क्या संयंत्र बंद है/सुविधा के बहिरंश के कारण हुआ? हां/नहीं			
14. हताहतों की संख्या	क) कर्मचारी=	ख) ठेकेदार =	ग) अन्य =
15. घायलों की संख्या	क) कर्मचारी=	ख) ठेकेदार =	ग) अन्य =
16. मानव-घंटों की हानि	क) कर्मचारी=	ख) ठेकेदार =	ग) अन्य =
17. घटना के कारण प्रत्यक्ष हानि (लाख रुपए में)। बीमा दावा, आदि के अनुसार उपकरण/मशीनरी हानि			
18. अप्रत्यक्ष हानि: थ्रूपुट/उत्पादन हानि आदि			
19. सुविधा की स्थिति: निर्माण/स्थापना/प्रचालन/बंदीकरण/ परिवर्तन, रखरखाव/प्रारंभण/अन्य कोई			
20. घटना का संक्षिप्त ब्यौरा तथा घटना के बाद उपाय (ब्यौरा पृथक शीट में संलग्न करें)			
21. क्या विगत में इसी स्थल पर इसी तरह की कोई घटना हुई है, यदि हां, तो घटना का संक्षिप्त ब्यौरा दें और पृथक शीट में ब्यौरा संलग्न करें।			
22. क्या आंतरिक जांच पूरी की गई है। यदि नहीं, तो इसके पूरा होने की संभावित तारीख बताएं।			
23. क्या पीएनजीआरबी को आंतरिक जांच रिपोर्ट (बड़ी दुर्घटना) प्रस्तुत की गई है। यदि नहीं, तो इसके पूरा होने की संभावित तारीख बताएं।			
24. घटना का कारण (सबसे संगत कारण विशेषकर एक, अधिकतम दो पर सही का निशान लगाएं)			
क) प्रक्रिया से विचलन			झ) पीपीई का इस्तेमाल न करना
ख) कार्य ज्ञान का अभाव			ण) उपकरण खराबी
ग) पर्यवेक्षण का अभाव			ट) घटिया डिजाइन/ नकशा आदि
घ) अनुचित निरीक्षण			ठ) अपर्याप्त सुविधा
ड.) अनुचित रखरखाव (यांत्रिक/विद्युत/स्था.)			ड) घटिया गृह रखरखाव
च) अनुचित सामग्री रखरखाव			ढ) प्राकृतिक आपदा
छ) लापरवाह ड्राइविंग			ञ) चोरी/तोड़फोड़
ज) असावधानी से चलना/चढ़ना, आदि			त) अन्य कोई (ब्यौरा दें)
25. रिसाव के कारण - तेल गैस या रसायन (केवल एक पर सही का निशान लगाएं)			
क. उपरकण/लाइनों के जोड़ से रिसाव			ड.) अनुचित प्रचालन के कारण रिसाव
ख. किनारे, गांठ आदि से रिसाव			च) अनुचित रखरखाव के कारण रिसाव
ग. रोटरी उपकरण से रिसाव			छ) सामान्य प्रचालन -निकास/नाली

घ. धातुकर्मी विफलता		ज) अन्य कोई
26. प्रज्ज्वलन जिसके कारण आग लगती है (केवल एक कारण पर सही का निशान लगाएं)		
क. गर्म कार्य के निकट होना		च. बिजली की स्थिरता
ख. भट्टी/लौ आदि के समीप होना		छ. हथौड़ा मारना/वस्तु का गिरना
ग. स्वत:-प्रज्जवलन		ज. घर्षण के कारण गर्म होना
घ. बिजली का कनेक्शन ढीला होना		झ. बिजली गिरना
ड. गर्म सतह का समीप होना		ण. अन्य कोई (स्वत: ज्वलनशील)
27. क्या घटना से बचा जा सकता था?	(हां/नहीं)	
28. घटना से निम्नलिखित के प्रयोग से/द्वारा बचा जा सकता था: (सर्वाधिक संगत बिंदु अधिमानत: एक, अधिकतम दो पर सही का निशान लगाएं)		
क) बेहतर पर्यवेक्षण		च) व्यक्तिगत निवारक उपकरण
ख) विनिर्दिष्ट प्रचलन प्रक्रिया का पालन करना		छ) बेहतर उपकरण
ग) पुनरीक्षण प्रदान करना		ज) प्रबंधन नियंत्रण
घ) उचित योजना के जरिए कार्यकलाप करने के लिए पर्याप्त समय देना		झ) विनिर्दिष्ट रखरखाव प्रक्रिया का पालन करना
ड.) कार्य परमिट प्रणाली का पालन करना		ण) विनिर्दिष्ट निरीक्षण/ जांच प्रक्रियाओं का पालन करना
ट) अन्य कोई सूचना		

घटना की रिपोर्ट भरने के लिए दिशा-निर्देश:

1. तिमाही रिपोर्ट में सभी बड़ी, छोटी और बाल-बाल बचने वाली घटनाओं की सूचना दी जानी चाहिए।
2. सभी बड़ी, छोटी और बाल-बाल बचने वाली घटनाओं के लिए घटना सूचित करने का फार्म भरा जाना चाहिए।
3. प्रत्येक तिमाही रिपोर्ट के साथ रिपोर्ट का सार संलग्न किया जाना चाहिए।
4. सभी बड़ी, छोटी और बाल-बाल बचने वाली घटनाओं की जांच की जानी चाहिए।
5. सभी बड़ी घटनाओं की जांच रिपोर्ट पीएनजीआरबी को प्रस्तुत की जाएगी। किसी घटना को बड़ा तभी माना जाएगा जब इनमें निम्नलिखित घटित हुआ हो;
   - 15 मिनट तक से अधिक समय तक आग लगना
   - विस्फोट/फटना
   - घातक घटना
   - पांच लाख रुपए से अधिक की हानि
   - 500 घंटों से अधिक के संचयी मानव घंटों की हानि
   - घटना के कारण संयंत्र का बंद होना/अनुपयोग अवधि
6. प्रभावित व्यक्ति के ड्यूटी पर आने तक घटना के हानि समय की निगरानी की जाएगी। यदि प्रभावित व्यक्ति को अभी ड्यूटी पर आना है तो प्रस्तुत रिपोर्ट की स्थिति प्रारंभिक होगी। इसी घटना की अंतिम रिपोर्ट तभी भेजी जाएगी जब व्यक्ति ड्यूटी पर आ जाए और मानव घंटों की हानि का पता चल जाए।
7. सभी कॉलम भरे जाने चाहिए।
8. किसी अतिरिक्त जानकारी के लिए अपेक्षानुसार अलग शीट का प्रयोग करें।
9. तिमाही के अंत में 15 से 30 दिनों के अंदर तिमाही रिपोर्ट पीएनजीआरबी को भेजी जानी चाहिए।
10. मौजूदा प्रणाली के अनुसार फैक्स/टेलिफोन के जरिए घटना की तत्काल सूचना देना जारी रखा जाना चाहिए।

हस्ताक्षर
नाम
दखलकार/प्रबंधक का पदनाम

अनुसूची-VII

(विनियम 27.0 का संदर्भ लें)

पेट्रोलियम उत्पादों को ले जाने वाली पाइपलाइनों के लिए ईआरडीएमपी

खतरनाक पदार्थों के परिवहन के उपायों के रूप में पाइपलाइनें काफी महत्व रखती हैं। पाइपलाइनों द्वारा परिवहन किया गया प्रमुख पदार्थों में कच्चा तेल, इसके यौगिक रूप और प्राकृतिक गैस शामिल है।

इसलिए दिशा-निर्देशों में निम्नलिखित शामिल है:

i) खतरनाक पदार्थों के लिए पाइपलाइनों सहित एक सुरक्षित और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से ठोस परिवहन के विकास की सुविधा हेतु एक प्रशासनिक ढांचे का सृजन और रखरखाव करना।

ii) प्रणालियों की सुरक्षा और घटनाओं को रोकने के लिए उपाय करना तथा मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए उनके परिणामों को सीमित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी पाइपलाइन ऑपरेटर की है।

iii) खतरनाक पदार्थों के परिवहन की दृष्टि से पाइपलाइनों का डिजाइन बनाया जाएगा और प्रचालन किया जाएगा ताकि पर्यावरण में किसी अनियंत्रित रिलीज को रोका जा सके।

iv) जोखिम मूल्यांकन पद्धति का पाइपलाइन को बनाए रखने तथा मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर उसके प्रभाव में प्रयोग किया जाना चाहिए।

v) भूमि-उपयोग योजना को नई पाइपलाइनों के मार्ग (उदाहरण के लिए यथासंभव आबादी वाले क्षेत्रों से तथा जल आवाह क्षेत्रों से दूर रखने) और मौजूदा पाइपलाइनों के आसपास नए विकास/भवन के प्रस्ताव संबंधी निर्णयों दोनों के दौरान ध्यान में रखा जाना चाहिए।

vi) पाइपलाइन ऑपरेटर और पाइपलाइनों के लिए जिम्मेदार प्राधिकारी जो घटना और उनके प्रभाव का कारण है, की समीक्षा करेंगे और यदि आवश्यक हुआ तो तृतीय पक्ष हस्तक्षेप को कम करने के लिए प्रणाली लागू करेंगे।

vii) राष्ट्रीय कानून स्पष्ट होना चाहिए जो सुरक्षित परिवहन और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए सुलभ और दृढ़ होना चाहिए।

viii) सक्षम प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पाइपलाइन ऑपरेटर:

(क) आपात योजनाएं बनाएं।

(ख) ऑफ-साइट आपात योजनाएं तैयार करने के लिए इस उद्देश्य के लिए विनिर्दिष्ट प्राधिकारियों को आवश्यक सूचना उपलब्ध कराएं।

(ग) आपात योजनाएं पाइपलाइन ऑपरेटरों और क्षमता प्राधिकारियों तथा अग्निशामक दलों और अन्य आपदा नियंत्रण इकाइयों के बीच समन्वित की जाएंगी।

ix) पाइपलाइनों को बोर्ड द्वारा अधिसूचित मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संहिताओं, मानकों और दिशा-निर्देशों कि अनुसार डिजाइन किया जाएगा, निर्मित और प्रचालित किया जाएगा।

x) पाइपलाइन की सुरक्षा पर प्रभाव जैसे डिजाइन और दबाव तथ्य, सामग्री की गुणवत्ता, दीवारों की मोटाई, दबाने की गहराई, बाहरी प्रभाव सुरक्षा, मार्किंग, मार्ग चयन और निगरानी पर विचार किया जाएगा।

xi) पाइपलाइनों की सुरक्षा को अत्यधिक खराब स्थिति सहित उपयुक्त जोखिम आकलन के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा जिसमें ब्रेकडाउन और बाहरी अतिरिक्त भार शामिल होंगे।

xii) पाइपलाइन ऑपरेटर यह सुनिश्चित करने के लिए पाइपलाइन प्रबंधन को तैयार करेगा कि इसकी उचित रूप से निगरानी की जाए। पीएमएस मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के उच्च स्तर की गारंटी के अनुसार डिजाइन बनाया जाएगा। सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली द्वारा निम्नलिखित मुद्दों पर कार्रवाई की जाएगी।

(क) पाइपलाइन की नियमित रूप से जांच और निगरानी की जाएगी। केवल विश्वसनीय प्रशिक्षित स्टॉफ या योग्य ठेकेदार ही पाइपलाइन संबंधी हमारा अनुरक्षण कार्य कर सकते हैं। तृतीय पक्ष अनुपालन मूल्यांकन निकायों को बोर्ड द्वारा अपेक्षित अनुसार नियमित अंतराल पर पाइपलाइन की समीक्षा की जानी चाहिए। इन निरीक्षणों में विशेष रूप से पाइपलाइन तथा पाइपलाइन की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले उपकरण की उचित स्थिति शामिल है।

(ख) पाइपलाइन प्रबंधन प्रणाली में संगठन योग्यता, भूमिका और उत्तरदायित्व, खतरों का चयन और मूल्यांकन, प्रचालनात्मक नियंत्रण और प्रबंधन परिवर्तन, आपदा स्थितियों की योजना बनाना, निगरानी निष्पादन, लेखा-परीक्षा और समीक्षा विधिवत रूप से की जाएगी।

अनुसूची-VIII

(विनियम 28.1 का संदर्भ लें)

सड़क परिवहन आपात स्थिति के लिए संसाधन जुटाना

क. आंतरिक-संयंत्र संसाधन

संयंत्र में निम्नलिखित मदें पर्याप्त मात्रा/सख्या में उपलब्ध होनी चाहिए।

यांत्रिक उपकरण:

1. गैस्केट (कार्बन एसबेस्टोज भरे हुए)
2. स्टड और बोल्ट
3. टेफलोन टेप
4. ½"/¾" क्रोबार (1 मी. लम्बा)

5. कुदाल/बंद फ्लेंज
6. रस्सी (मनिला/जूट)
7. स्पार्क अरेस्टर
8. 1" पतली लकड़ी की खूंटियां
9. गंडासा
10. पीटीओ यूनिट सहित टैंक लॉरी के लिए अतिरिक्त फैन बेल्ट
11. विंड स्टॉक
12. एम-सील/एपोक्सी-आधारित कोल्ड-वेल्डिंग कंपाउंड
13. लकड़ी की खड़ांव
14. टेफलोन-टेप लगा पाना, रिंच
15. चिंगारी-रोधी रिंच, हथौड़ी और औजार
16. मस्ट्स और रस्सी/टेप से मोरचाबंदी करना
17. होज़
18. चेन पुली ब्लॉक और स्टे पाइप
19. टैंक ट्रक में प्रचालन वाल्व के लिए छोटे वाल्व की कुंजी

विद्युत उपकरण:

1. गैस एक्सप्लोसी-मीटर
2. लौ-रोधी मशाल
3. क्राकोडाइल क्लिप सहित ग्राउंडिंग तारें (10 मी. लम्बी)

कार्मिक सुरक्षा उपकरण:

1. दस्तानें
   i) रबड़ के दस्तानें
   ii) निम्न तापमान वाले दस्तानें
   iii) औद्योगिक दस्तानें (चमड़े के अस्तर सहित)
   iv) कैनवास के दस्तानें
2. फेस शील्ड
3. ईयर मफ/ईयर प्लग

अन्य सुरक्षा मदें:

1. गन्नी/हैसियन कपड़ा (लगभग 10 मीटर लम्बा)
2. प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स (वॉटर जैल घटक सहित)
3. साबुन
4. कंबल
5. वॉटर जैल कंबल
6. सांस लेने के उपकरण (अतिरिक्त भरे हुए सिलेण्डर और कनस्तर गैस मास्क सहित)
7. आग के निकट जाने का सूट

अग्निशामक उपकरण:

1. छोटा शुष्क रसायन पाउडर अग्निशामक यंत्र
2. आग-पानी होज
3. अग्निशामक होज सहित तिहरा प्रयोजन डिफ्फयूजर नोजल

संचार उपकरण:

1. हस्तचालित सॉयरन
2. सीटी
3. मेगाफोन, मोबाइल फोन, वीएचएफ सेट

यातायात नियंत्रण उपकरण:

1. लाल बत्ती (बैटरी द्वारा संचालित) - यातायात परिवर्तन के लिए
2. क्षेत्र के मानचित्र
3. अपवंचन बोर्ड

ख. <u>बाहरी संसाधन</u>:

विवरण	नाम	पता	दूरभाष संख्या	अन्य कोई सूचना
1. अग्निशामक केन्द्र				
2. एम्बुलेंस				
3. अस्पताल				
4. पुलिस स्टेशन				
5. दवाई स्टोर				
6. जिला प्रशासन/समाहर्ता				
7. क्रेनों की उपलब्धता				
8. स्थानीय पीडब्ल्यूडी/ सीपीडब्ल्यूडी, जल आपूर्तियां, बालू, मोरम, वाहन आदि				
9. स्थानीय सेना, नौसेना, वायुसेना प्राधिकारी				
10. आसपास अन्य कोई प्रमुख उद्योग				

ग. संचार संसाधनों की पहचान

विवरण	नाम	पता	दूरभाष संख्या	अन्य कोई सूचना
1. सार्वजनिक सूचना प्रणाली				
2. खुदरा बिक्री केन्द्र				
3. रेलवे स्टेशन				
4. पॉवर हाउस				
5. नागरिक प्राधिकारी				
6. स्वैच्छिक एजेंसियां				
7. स्थानीय अखिल भारत रेडियो/दूरदर्शन/अन्य चैनल				

अनुसूची-IX

(विनियम 28.2 का संदर्भ लें)

यातायात आपात कार्ड प्रपत्र

खतरे की प्रकृति :
निवारक उपकरण :
आपात कार्रवाई :
बिखराव :
आगजनी :
प्राथमिक चिकित्सा :
रसायन पृथक सेवा (सीएएस) सं.
(सामग्री की सार्वभौमिक स्वीकृति के लिए टीआरईएम कार्ड पर दोनों संख्या दर्शाई जानी चाहिए)

आपात दूरभाष संख्या/मोबाइल संख्या:

आपूर्तिकर्ता कंपनी के नियंत्रण कक्ष/संपर्क व्यक्ति का नाम और संपर्क संख्या

प्राप्तकर्ता कंपनी के नियंत्रण कक्ष/संपर्क/व्यक्ति का नाम और संपर्क संख्या

ट्रांसपोर्टर का नाम और संपर्क संख्या

नागरिक प्राधिकारियों, अग्निशामक और पुलिस के अन्य महत्वपूर्ण नाम और संपर्क संख्या

टिप्पणी: यह प्रपत्र अंग्रेजी, हिन्दी और स्थानीय भाषाओं में बनाया जाना चाहिए जहां दल कार्यरत हैं।

अनुसूची-IX (जारी. . . .)

परिवहन आपात कार्ड प्रपत्र नमूना

नौभार : तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी)

खतरे की प्रकृति:	अत्यधिक अस्थिर और ज्वलनशील कोल्ड बर्न हो सकता है। वाष्प को सूंघने से मतली, सांस उखड़ना और सिर दर्द हो सकता है। वायु/वाष्प मिश्रण अत्यधिक विस्फोटक होता है। एलपीजी के रिसाव से वाष्प बादल विस्फोट और बीएलईवीई हो सकता है।
निवारक उपकरण:	हाथों के दस्ताने (रबड़/कम तापमान) आंखों की सुरक्षा हेतु चश्मा अत्यधिक वाष्प वाले क्षेत्र में कार्य करने के लिए स्वत:पूर्ण श्वसन उपकरण कम तापमान/आग के निकट जाने वाले सूट

आपात कार्रवाई

वाहन को खुले क्षेत्र में ले जाने का प्रयास करें।
इंजन बंद कर दें।
वाहन को बिना सुरक्षा के न छोड़े।
हेल्पर/राहगीर को भेजकर तेल कंपनी के निकट पुलिस, फॉयर ब्रिगेड, सरपंच से संपर्क करें।
पर्याप्त दूरी पर 'खतरे के बोर्ड' प्रदर्शित करके जनता और यातायात को दूर रखें।
मोर्चाबंदी क्षेत्र में "धूम्रपान निषेध" और "कोई खुली लाइट नहीं" प्रदर्शित किया जाना चाहिए।
अग्निशामक उपकरणों और सुरक्षा किट को तैयार रखें।
हवा की दिशा में रहें।

बिखराव

वाल्व और कैप को हाथ से कसकर बंद करने तथा रिसाव को रोकने, यदि संभव हो, की जांच करें।

आगजनी

यदि आग छोटी हो तो डीसीपी अग्निशामकों से आग बुझाने का प्रयास करें।

प्राथमिक चिकित्सा

ठंडे या गर्म से जलने पर पानी डालें
यदि आवश्यक हो तो चिकित्सा सहायता लें।

आपात टेलिफोन नम्बर/मोबाइल नम्बर

आईओसी.....	एचपीसी.....
बीपीसी.....	आईबीपी.....
आग 101.....	पुलिस 100.....

जांच सूची-I

(विनियम 10.1 (घ) का संदर्भ लें)

आपात प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना (ईआरडीएमपी)

खतरे की पहचान

क्र.सं. #	जांच बिंदु	हां ☑ नहीं ☒ टिप्पणी
	खतरे का विश्लेषण और जोखिम आकलन	
1	टर्मिनल/स्थापना में खतरे की पहचान के लिए कौन सी निम्नलिखित पद्धतियों और तकनीकों की पहचान की गई है: हैजोप/हैंजन घटना के परिणाम और विश्लेषण घटना का विश्लेशण चूक का विश्लेषण प्रणाली का असफल होना, प्रभाव और विवेचना तथा विश्लेषण जोखिम आकलन क्या विश्लेषण किया है अन्य अधिकृत पद्धति	 1. ☐ 2. ☐ 3. ☐ 4. ☐ 5. ☐ 6. ☐ 7. ☐ 8. ☐
	खतरे की पहचान:	
2	क्या टर्मिनल/स्थापना निर्माण भण्डारण और खतरनाक रसायन नियम, 1989 (संशोधित 1994 और 2004) के आयात के अनुसार "बड़ी घटना खतरा स्थापना" की परिभाषा के अंतर्गत आती है। यदि हां, तो कृपया अधिसूचना और सुरक्षा रिपोर्टों का उल्लेख करें।	
3	यदि हां, तो क्या बड़ी घटना के जोखिम का पता लगाया गया है और उनके निवारण के लिए उपाय किए गए हैं।	
4	क्या डिजाइन में कमियां, खराबी या त्रुटि है जिनसे खतरा और असामान्यताएं हो सकती हैं।	
5	उपर्युक्त कमियों या त्रुटियों से निपटने के लिए क्या उपाय किए गए हैं।	
6	कामगारों, पास-पड़ोस में लोगों और पर्यावरण पर बड़ी घटना के परिणामों पर विचार किया जाता है।	
7	ऐसी घटना के परिणामों को कम करने के लिए परिकल्पित उपाय	
8	क्या स्थापना में एमएसआईएचसी नियम 1989 (संशोधित 1994 और 2004) के अंतर्गत परिभाषित अनुसार किसी खतरनाक रसायनों का उत्पादन/रखरखाव/आयात/भण्डारण होता है।	
9	यदि हां, तो क्या तीन रसायनों की विशेषकर वर्णानुक्रमानुसार कोई सूची उनके अधिकतम लाइसेंसयुक्त भण्डारण मात्रा के साथ प्रदर्शित की गई है।	
10	क्या इन रसायनों की सामग्री सुरक्षा आंकड़ा शीट (एमएसडीएस) एमएसआईएचसी नियमों और राज्य फैक्टरी नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में तैयार/प्राप्त की गई है।	
11	क्या संबंधित कामगारों को इन एमएसडीएस के बारे में सूचना का प्रचार-प्रसार करने की कोई प्रणाली है।	

क्र. #	जांच बिंदु	हॉ ☐ नहीं ☐ टिप्पणी
12	क्या रसायनों/खतरनाक पदार्थों के लिए कंटेनरों/भण्डारण टैंकों की लेबलिंग की कोई प्रणाली है।	
13	क्या प्रत्येक खतरनाक पदार्थ की अधिकतम संभव मात्रा तथा साइट पर किसी वाहन (टीटी/टीडब्ल्यू) या साइट के 500 मीटर के अंदर मौजूद वाहन पर विचार किया जाता है।	
14	क्या स्थल, विन्यास और स्थिति, जिसके अंतर्गत खतरनाक पदार्थ जमा करके रखे और हैण्डल किए जाते हैं, की स्पष्ट रूप से घोषणा की गई है।	
	संवेदनशील विश्लेषण:	
15	क्या प्रभाव या संवेदनशील क्षेत्रों का खतरनाक पदार्थ के अधिकतम एकल भण्डारण तथा अधिकतम हानि परिदृश्य पर अनुमान लगाया जाता है।	
16	क्या संवेदनशील क्षेत्रों पर उस क्षेत्र की आबादी, सुविधाओं और पर्यावरण पर विचार करने के बाद प्रभाव के कारणों का पता लगाया जाता है।	
	जोखिम विश्लेषण:	
17	क्या विभिन्न संभव जोखिम घटनाओं, जिनमें अत्यधिक खराब परिदृश्य भी शामिल है, की संभावना और परिणामों के सापेक्ष उपायों को ध्यान में रखा जाता है।	
18	क्या जोखिम की गणना प्रत्येक घटना तथा उस घटना के परिणामों से उत्पन्न अनेक संभावनाओं के आधार पर की जाती है तथा तत्पश्चात् उसके परिणामों का सार निकाला जाता है।	
19	क्या पेट्रोलियम स्थानाओं में सभी प्रकार की संभावित घटनाओं पर विचार किया जाता है जिसमें i) भण्डारण टैंको में आग लगने पर, ii) पूल फॉयर (तरल ईंधन का ज्वलनशील फ्यूल), iii) पाइपलाइनों के किनारों के जोड़ से रिसाव, iv) टैंक ट्रक या टीडब्ल्यू गैंट्री में आगजनी, और v) होज पाइपों का फटना।	
	जोखिम कम करने के उपाय:	
20	क्या जोखिम कम करने के उपायों के जरिए परिणामों को कम करके चयनित उच्च जोखिम को कम करने पर विचार किया गया है।	
21	क्या स्थापना के आसपास की संपत्ति को अधिग्रहण करके सुरक्षा दूरी को बढ़ाकर, यदि संभव हो, विद्यमान जनसंख्या के जोखिम को कम करने पर विचार किया गया है।	
	हैजोप अध्ययन	
22	क्या उपर्युक्त पद्धति तब भी अपनाई जाती है जब स्थल में विनिर्दिष्ट भण्डारण से अधिक और/या महत्वपूर्ण प्रचालन किए जाते हैं।	
23	क्या अध्ययन में सामान्य प्रचालनों से व्यवस्थित रूप से सभी संभावित अपवंचनों का पता लगाया गया है।	
24	क्या प्रत्येक ऐसी घटना की संभावना और परिणामों पर विचार करने के बाद प्रत्येक अपवंचन के लिए जोखिम स्तर स्थापित किए जाते हैं।	
25	क्या अध्ययन द्वारा ऐसी घटनाओं और निवारक उपायों का पता लगाने के लिए संभावित उपायों की सिफारिश की गई है।	

जांच सूची-2

(विनियम 11.3(xii) का संदर्भ लें)

घटना सुरक्षा उपाय

क्र.सं. #	जांच बिंदु	हां□ नहीं□ टिप्पणी
